# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


'अघाड़ी ऐसी गाड़ी जिसमें पहिये हैं ना ब्रेक, CM पद के लिए चल रही है नूराकुश्ती'

# 'अघाड़ी भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी'

### ▸▸ चिमूर और सोलापुर रैली में पीएम मोदी का एमवीए पर तीखा हमला

**अमित बृज । चंद्रपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के चिमूर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, 'महाराष्ट्र का तेज विकास, अघाड़ी वालों के बस की बात नहीं है। अघाड़ी वालों ने केवल विकास पर ब्रेक लगाने में ही पीएचडी की है। कामों को अटकाने, लटकाने और भटकाने में कांग्रेस वाले तो डबल पीएचडी हैं। इन्होंने अपने 2.5 साल में मेट्रो से लेकर, वधावन पोर्ट और समृद्धि महामार्ग जैसी विकास परियोजना को रोकने का काम किया। इसलिए याद रखिए अघाड़ी यानी भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाडी।'



### 'अघाड़ी में चल रही है नूराकुश्ती'

मंगलवार को पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में दो रैलियों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने पहली रैली चंद्रपुर में की, वहीं दूसरी रैली के दौरान सोलापुर में लोगों को संबोधित करते हुए कहा,'आपको याद रखना है कि ये महाअघाड़ी वाले जिस गाड़ी पर चल रहे हैं, वो ऐसी गाड़ी है जिसमें न पहिये हैं, न ब्रेक हैं और कौन चलाएगा इसके लिए मारामारी है। अघाड़ी सबसे अस्थिर गाड़ी है, ये लोग आपस में ही झगड़ा करने में समय बर्बाद कर देते हैं।' पीएम ने कहा कि आप सब देख रहे हैं कि अघाड़ी में कैसे भगदड़ मची हुई है। अभी से अघाड़ी में मुख्यमंत्री पद के लिए खींचतान, नूराकुश्ती चल रही है। एक पार्टी पूरे दिन अपने नेता को मुख्यमंत्री बताने में लगी रहती है। दूसरी पार्टी और कांग्रेस वाले उनकी दावेदारी खारिज करने में लगे रहते हैं। पीएम ने कहा कि चुनाव से पहले जिनका ये हाल है वो अघाड़ी वाले महाराष्ट्र को कभी भी स्थिर सरकार नहीं दे सकते।

### 'विदेश में आरक्षण खत्म करने की बात कह आएं हैं शहजादे'

कांग्रेस पार्टी पर हमलावर होते हुए पीएम मोदी ने कहा,'कांग्रेस देश के गरीबों, वंचितों के संविधान से मिले अधिकारों को खत्म करना चाहती है। शहजादे तो विदेश में जाकर खुलेआम आरक्षण खत्म करने की बात कह आए हैं। आरक्षण खत्म करने की कांग्रेस की इच्छा नई नहीं है। एक समय था, जब कांग्रेस आरक्षण के खिलाफ खुलेआम अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन देती थी। आज इंटरनेट का जमाना है, अब कांग्रेस के वो आरक्षण विरोधी बयान इंटरनेट और सोशल मीडिया पर उपलब्ध हैं।' पीएम मोदी ने एक हैं तो सेफ हैं वाला नारे का जिक्र करते हुए कहा,'आपकी एकता से कांग्रेस परेशान है। इसलिए ये एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाना चाहते हैं। क्या आप कांग्रेस की इस साजिश को कामयाब होने देंगे। कांग्रेस के खतरनाक मंसूबों को फेल करने के लिए हमें एकजुट रहना है। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है - हम एक हैं तो सेफ हैं।'

### राजीव गांधी पर किया हमला :

पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस आरक्षण (के विषय) से चिढ़ती है। 1980 के दशक में राजीव गांधी के नेतृत्व में पार्टी द्वारा एक विज्ञापन प्रकाशित कर दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को मिले विशेष अधिकारों पर सवाल उठाए गए थे।' मोदी ने कहा कि यह पुराना विज्ञापन सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी के आरक्षण विरोधी रवैये को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी समाज की जनसंख्या करीब 10 प्रतिशत के आसपास है और कांग्रेस अब आदिवासी समाज को जातियों में बांटकर कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा,'कांग्रेस चाहती है कि हमारे आदिवासी भाई एसटी के रूप में अपनी पहचान खो दें, उनकी ताकत से उनकी जो पहचान बनी है, वह बिखर जाए। आपकी एकता टूट जाए, ये कांग्रेस का खतरनाक खेल है।' मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज जातियों में बंटेगा तो उसकी पहचान और ताकत खत्म हो जाएगी।






# 502 करोड़ 63 लाख रुपए की संपत्ति जब्त

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध धन, शराब, नशीले पदार्थों, कीमती धातुओं आदि के खिलाफ अभियान में 15 अक्टूबर से 502 करोड़ 63 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। पूरे प्रदेश में आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। ऐसे जिले जिनमें अवैध गतिविधियों के चलते अब तक सबसे ज्यादा जब्ती हुई है उनमें मुंबई उपनगर, मुंबई शहर, नागपुर, पुणे नगर, ठाणे, रायगड़, धुलिया, पालघर और छत्रपति संभाजी नगर शामिल हैं। हालांकि वाशिम, परभणी, गडचिरोली, भंडारा, उस्मानाबाद, हिंगोली, चंद्रपुर, लातूर, बीड और नंदुरबार में ऐसी जब्ती सबसे कम हुई।

# पीएम का वादा पत्थर की लकीर : शाह

**धीरज सिंह । मुंबई**

मंगलवार को बोरीवली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी रैली को संबोधित किया। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने देश से आतंकवाद को उखाड़कर फेंक दिया है। नरेंद्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित किया है और नक्सलवाद को उखाड़कर फेंक दिया है। मोदी का वादा पत्थर की लकीर है, जो कहा उसे पूरा किया है। हाल ही में कांग्रेस के लोगों ने कश्मीर में 370 को वापस लाने के लिए प्रस्ताव पास किया है, लेकिन मैं कह देना चाहता हूं कि ये क्या इनकी कई पीढ़ी भी 370 को वापस नहीं ला सकते हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने आगे कहा कि हमने सालों से कहा था कि राम जन्मभूमि पर मंदिर बनाएंगे। ये लोग हमारा मखौल उड़ाते थे और कहते थे मंदिर वही बनाएंगे लेकिन तिथि नहीं बताएंगे, लेकिन मोदी जी के राज में केस पर फैसला भी आया और राम मंदिर भी बना। सिर्फ राम मंदिर ही नहीं, औरंगजेब का तोड़ा हुआ काशी विश्वनाथ मंदिर का कॉरिडोर भी बनाया। ये बीजेपी की सरकार है, जो कहती है वो करती है। मोदी जी ने धड़ाम ट्रिपल तलाक को भी समाप्त कर दिया।

### वक्फ बोर्ड के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा




कर्नाटक में वक्फ बोर्ड के मुद्दे पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि वहां, गांव के गांव की संपत्ति को वक्फ बोर्ड को ट्रांसफर कर दिया है। क्या वक्फ बोर्ड का कानून बदलना नहीं चाहिए, ये अघाड़ी वाले कान खोलकर सुन लें, संसद में वक्फ बोर्ड का कानून पेश होगा। उन्होंने आगे कहा कि, आज से 10 साल पहले कहा जाता था मुंबई कैसे चलेगी। हर तरफ ट्रैफिक रहता था। मोदी जी के आने के बाद अटल सेतु का काम पूरा हो गया। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कुछ साल में शुरू हो जाएगी। मेट्रो शुरू हो गया। फेस टू का काम चल रहा है। उद्धव ठाकरे को मैं कहता हूं कि अगर आपको नागपुर जाना है तो आप समृद्धि मार्ग से चले जाने समय कम लगेगा।

### राहुल गुमराह की राजनीति करते हैं'

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि राहुल गांधी गुमराह करने की राजनीति करते हैं। संसद में संविधान की कॉपी लहराते हैं, लेकिन बाहर जब उस कॉपी को देखा जाता है तो उसमें कुछ भी नहीं लिखा रहता है। ये लोग महाराष्ट्र का विकास नहीं कर सकते हैं। कोरोना में लोगों ने देख भी लिया है। ऑफिस जाने में डरते थे, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग करते थे। मैं आज आपको कहकर जाता हूं आप ये 5 साल मोदी जी के हाथ में दे दीजिए, केवल महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरा देश समृद्ध बनेगा।

### 'नड्डा, शाह के विमान भी चेक किए गए थे'

**मुंबई।** चुनाव आयोग के सूत्रों ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बैग की तलाशी की दो घटनाओं को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। सूत्रों ने चुनाव आयोग के अधिकारियों के हवाले से बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले सभी एसओपी का पालन किया गया। शिवसेना (यूबीटी) के पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के बैग की जांच करने के चुनाव अधिकारियों के कदम पर सवाल उठाने के एक दिन बाद निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं के विमानों और हेलीकॉप्टर की जांच की जाती है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (UBT) सुप्रीमो उद्धव ठाकरे के हेलिकॉप्टर की 24 घंटे में दूसरी बार चेकिंग हुई। उद्धव मंगलवार को उस्मानाबाद में औसा सीट पर प्रचार करने आए थे। इस दौरान चुनाव आयोग के कर्मचारियों ने उनके हेलिकॉप्टर की चेकिंग की।- इससे पहले 11 नवंबर को यवतमाल के वनी एयरपोर्ट पर उनके बैग की जांच की गई थी। चुनाव आयोग की कार्रवाई पर उद्धव ठाकरे नाराज हो गए।

# बुलडोजर चलेगा या रुकेगा!

### सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा अपना फैसला, ध्वस्तीकरण पर तय हो सकती है गाइडलाइन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट बुधवार को अपने फैसले में देशभर में राज्य सरकारों के द्वारा किए जा रहे बुलडोजर एक्शन पर गाईडलाइन तय करेगा। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच सुबह 10:30 बजे अपना फैसला सुनाएगी।




### बुलडोजर एक्शन के खिलाफ याचिका

सुप्रीम कोर्ट में जमीयत उलेमा-ए-हिंद समेत कई याचिका कर्ताओं ने देशभर के अलग-अलग राज्यों में हो रहे बुलडोजर एक्शन के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। इसी मामले पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट कल फैसला सुनाने वाला है।

### बुलडोजर एक्शन पर कोर्ट ने की थी सख्त टिप्पणी

पिछले दिनों बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे में सार्वजनिक जगहों पर अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन नहीं रुकेगा। चाहे वो धार्मिक स्थल ही क्यों ना हो।

### ध्वस्तीकरण नहीं हो सकता इसका आधार-कोर्ट

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोई भी शख्स आरोपी या दोषी है। यह ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाए जाने पर रोक लगा दी थी।

### यह अराजकता है : पूर्व CJI चंद्रचूड़

इस मामले में सुनवाई करते हुए पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा था, 'आप कहते हैं कि वह अतिक्रमणकारी था। लेकिन आप इस तरह से लोगों के घरों को कैसे ध्वस्त करना शुरू कर सकते हैं? किसी के घर में घुसना और बिना किसी सूचना के उसे ध्वस्त करना, यह अराजकता है।'

### आचार संहिता उल्लंघन की 5230 शिकायतों का समाधान

**मुंबई।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए 15 अक्टूबर से 12 नवंबर 2024 के बीच राज्य भर में सी-विजिल ऐप पर कुल 5 हजार 286 शिकायतें प्राप्त हुईं। मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने बताया कि इनमें से 5,230 शिकायतों का चुनाव आयोग ने समाधान कर दिया है।



**महंगाई** ▸ सब्जी, फल और मीट के दाम बढ़े, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सबसे ज्यादा तेजी आई

# रिटेल महंगाई 14 माह के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

खाने-पीने की चीजें महंगी होने से अक्टूबर में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 6.21% पर पहुंच गई है। ये महंगाई का 14 महीनों का उच्चतम स्तर है। अगस्त 2023 में महंगाई दर 6.83% रही थी। वहीं अक्टूबर से एक महीने पहले सितंबर में भी सब्जियां महंगी होने से ये दर 5.49% पर पहुंच गई थी। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 9.24% से बढ़कर 10.87% हो गई है। वहीं ग्रामीण महंगाई 5.87% से बढ़कर 6.68% और शहरी महंगाई 5.05% से बढ़कर 5.62% हो गई है।




### खाद्य महंगाई में तेज इजाफा

उधर, खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अक्तूबर में 10.87 प्रतिशत रही है, जो सितंबर में 9.24 फीसदी पर थी। ध्यान रहे कि खुदरा महंगाई से जुड़े आंकड़े 1114 शहरी और 1181 राज्य एवं केंद्रशासित राज्यों के ग्रामीण बाजारों से संकलित आंकड़ों के आधार पर तैयार किए जाते हैं।

### प्याज, टमाटर और आलू की कीमते बढ़ी सबसे ज्यादा

रसोई के लिहाज से बात करें तो बीते महीने प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली। सरकार ने देश के कई हिस्सों में प्याज 35 रुपए किलो बेची लेकिन उसके बाद भी बड़े हिस्से में लोगों को प्याज 70-80 रुपए किलो में मिली। इसी तरह से टमाटर की कीमते भी 70 रुपए प्रतिकिलोग्राम के स्तर तक जा पहुंची। सब्जी में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले आलू की कीमते भी 30 रुपए प्रतिकिलो के पार जा पहुंची, जिसका असर अब औसत खुदरा महंगाई पर देखने को मिला है।

# 10 राज्यों की 31 विधानसभा,1 लोकसभा सीट पर उपचुनाव आज

### सिक्किम की 2 सीटों पर निर्विरोध चुनाव हुआ

**एजेंसी । वायनाड/रांची**

झारखंड में पहले फेज की 43 सीटों के साथ ही 10 राज्यों की 31 विधानसभा और केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव होंगे। सिक्किम की 2 सीटों पर 30 अक्टूबर को ही सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (SKM) के दोनों प्रत्याशियों को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया था।



### वायनाड में प्रियंका के खिलाफ भाजपा की नव्या

वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव राहुल गांधी के इस सीट को छोड़कर रायबरेली सीट चुनने की वजह से हो रहा है। उन्होंने रायबरेली और वायनाड दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीते थे। यहां से उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस प्रत्याशी हैं। कांग्रेस का राज्य में UDF गठबंधन है। भाजपा की ओर से नव्या हरिदास और लेफ्ट गठबंधन LDF से सत्यन मोकेरी चुनावी मैदान में हैं।

# वो अंबानी की शादी में गए थे लेकिन मैं नहीं : राहुल गांधी

▶▶ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गोंदिया में बड़ी रैली
▶▶ राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर बोला हमला

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महाविकास आघाडी (एमवीए) की जीत के लिए लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को गोंदिया में एक सभा को संबोधित किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने सवाल दागा कि उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ करने वाले नरेंद्र मोदी ने देश के किसी भी किसान का कर्ज माफ क्यों नहीं किया? इसके बाद राहुल गांधी ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी का जिक्र करके भी हमला बोला।

## मैं आपका हूं: राहुल



राहुल गांधी ने कहा जनसभा में आए हुए लोगों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दावा करते रहते हैं कि कृषि कानून किसानों के फायदे के लिए लाए गए हैं, लेकिन अगर वो काले कानून किसानों के फायदे के लिए थे तो किसान सड़कों पर क्यों उतरे? राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी सरकार महाराष्ट्र में किसानों के धान, सोयाबीन और कपास की कीमत नहीं दे रही है। मुट्ठी भर उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल में एक भी किसान का कर्ज माफ क्यों नहीं किया? लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी अडानी-अंबानी के हैं, वो अंबानी की शादी में गए थे लेकिन मैं नहीं गया क्योंकि मैं आपका हूं।

## फिर संविधान का मुद्दा उठाया

राहुल गांधी ने एक बार फिर से संविधान का मुद्दा उठाया और कहा कि पीएम मोदी और RSS की कोशिश है कि डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर के संविधान को ख़त्म किया जाए। कांग्रेस इसे बचाने की लड़ाई लड़ रही है। राहुल गांधी ने कहा कि एमवीए के सत्ता में आने पर महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने 3000 रुपएजमा किए जाएंगे। किसानों को कर्ज माफी और गारंटी दी जाएगी। राहुल गांधी ने बीजेपी, आरएसएस पर हमला बोलते हुए आगे कहा कि अगर यह लाल रंग का संविधान दिखाया जाता है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी आलोचना करते हैं। इस संविधान में कहीं भी लोगों को मारना, अन्याय करना, गरीबों और किसानों पर अत्याचार करना नहीं लिखा है।

# 136 ईवीएम मशीन को सील करने का काम शुरू



**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

136 भिवंडी पश्चिम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र केंद्रीय चुनाव कार्यालय वोटिंग मशीन (ईवीएम मशीन) के सील करने का कार्य आज दिनांक 11/11/2024 को यहां चुनाव निर्णय अधिकारी उदय किसवे की देखरेख में शुरुआत की गई है।

## कुल 303 मतदान केंद्र

गौरतलब हो कि136 भिवंडी पश्चिम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 303 मतदान केंद्र हैं, प्रति मतदान केंद्र 1 मशीन और कुल बीयू-363, सीयू-363 और वीवीपैट-393 वोटिंग मशीनों में 20% अतिरिक्त मशीनें आरक्षित की गईं। 45 टेबलें लगाई गई हैं और 135 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही, मॉक पोल के लिए कुल 363 वोटिंग मशीनों में से 5% का प्रतिनिधित्व करने वाली कुल 18 वोटिंग मशीनें सुनिश्चित की गईं। इन मशीनों को ठीक करते समय चुनाव निर्णय अधिकारी उदय किसवे ने पर्चा डाला, इसी के साथ उम्मीदवार वा उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों ने पर्चा डाला। निर्णायक अधिकारी उदय किसवे ने डाली, जबकि उम्मीदवारों वा उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों द्वारा डाली गई इन 18 वोटिंग मशीनों को चुना गया। सीलिंग और मॉक पोलिंग के बाद इन मशीनों को 136 भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रूप से रखा जाएगा। सीलिंग और मॉक पोल की पूरी प्रक्रिया उम्मीदवारों वा उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों के सामने चल रही है और यह दावा किया गया है कि इस कार्रवाई में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

# मलिक की अंतरिम जमानत रद्द करने को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत गुट) के मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार नवाब मलिक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट में उनकी अंतरिम जमानत रद्द करने को लेकर याचिका दायर की गई है। याचिका में दावा किया गया है कि मलिक उन्हें दी गई स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं और गवाहों को धमका रहे हैं। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से संबंधित कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मलिक को 22 फरवरी 2022 को गिरफ्तार किया था। मुंबई निवासी सैमसन पठारे द्वारा हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में उनकी अंतरिम जमानत रद्द करने का अनुरोध किया गया है। याचिका में दावा किया गया है कि मलिक अंतरिम जमानत देते समय अदालत द्वारा लगाई गई शर्तों का सीधे तौर पर उल्लंघन कर रहे हैं। उन्हें इस आधार पर मेडिकल जमानत दी गई थी कि उनकी किडनी खराब हो रही है। उनको अस्पताल में भर्ती होने और निरंतर उपचार की आवश्यकता है। जबकि मलिक ने न तो कोई सर्जरी करवाई और न ही अस्पताल में भर्ती हुए। अब विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं और अपना प्रचार कर रहे हैं। उनकी हालत न तो गंभीर है और न ही वह मेडिकल रूप से अयोग्य हैं। इसलिए उनकी अंतरिम मेडिकल जमानत को रद्द की जानी चाहिए।


# 'गुजरात-महाराष्ट्र में दीवार बनाना चाहते हैं अमित शाह'

▶▶ उद्धव ठाकरे ने साधा निशाना

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. इसी बीच उद्धव ठाकरे ने गृहमंत्री अमित शाह और पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला है. उद्धव ठाकरे ने कहा कि मोदी और अमित शाह महाराष्ट्र और गुजरात में दीवार बना रहे हैं. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कई गुजराती बड़े सुख के साथ रहते हैं. क्यों अमित शाह और मोदी सुख में नमक डालने का काम कर रहे हैं. ये दोनों कुछ समय बाद चले जाएंगे लेकिन यदि वो दीवार रह गई तो क्या होगा?

## क्या बोले उद्धव ठाकरे ?



उद्धव ठाकरे ने कहा कि कुछ पत्रकार मुझे अमित शाह की एक क्लिप दिखा रहे थे। जिसमें वो कह रहे थे कि उद्धव जी 370 हटाने का विरोध करने वालों के साथ आज आप खड़े हैं। मैं अमित शाह को बताना चाहता हूं कि 370 जब हटाया जा रहा था तब शिवसेना आपके साथ बैठी थी। आप भूल गए होंगे। ठाकरे ने आगे कहा कि हम आपके साथ थे आपने हमें धोखा दिया और हम कांग्रेस के साथ गए। यह बात आपको पच नहीं रही है। मैं आपको याद दिला दूं कि आप भी जब कश्मीर गए थे तब महबूबा मुफ़्ती और मुफ़्ती मोहम्मद सईद के साथ आप बैठे थे। उस वक्त आपकी बुद्धि कहां गई थी, हिंदुत्व कहां गया था।

## कश्मीरी पंडितों को बाला साहब ठाकरे ने दिया था आसरा

उद्धव ठाकरे ने कहा कि जब कश्मीर में हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहे थे और कश्मीरी पंडितों को मारा जा रहा था तब मोदी और शाह नहीं थे। बल्कि तब बाला साहब ठाकरे ने ही उन्हें महाराष्ट्र में आसरा दिया था। शिवसेना नेता ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा महाराष्ट्र के चुनाव में उछाला जा रहा है। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। लेकिन महाराष्ट्र चुनाव के वक्त इस मुद्दे को क्यों उछाला जा रहा है।

# निर्दलीय उम्मीदवार भरत गंगोत्री को एनसीपी प्रदेश महासचिव का समर्थन

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**



एनसीपी (अजित पवार गुट) की प्रदेश महासचिव सोनिया धामी ने पार्टी के बागी उम्मीदवार भरत गंगोत्री का समर्थन किया है। धामी ने कहा कि पिछले 40 सालों से शहर पर कालानी और आयलानी का राज है और इन दोनों की वजह से शहर में अपराध और भ्रष्टाचार काफी बढ़ गया है। हमने भरत गंगोत्री जैसे स्वच्छ चरित्र के उम्मीदवार को महायुति से उम्मीदवारी दिलाने का प्रयास किया लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें उमीदवारी नहीं मिली। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है और उन्हें मेरा पूरा समर्थन है।

# ठाणे में 20.75 लाख का माल जब्त

## राज्य उत्पाद शुल्क विभाग की कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

राज्य उत्पाद शुल्क विभाग की विभिन्न टीमों ने 11 नवंबर को ठाणे जिले के अंजुरगांव और हटभट्टी केंद्र पर अलीमघर खाड़ी में कुल सात अपराध दर्ज किए हैं। इस कार्रवाई में 200 लीटर क्षमता के 354 ड्रम , 1000 लीटर क्षमता के तीन बॉयलर और अन्य हाथ भट्टी सामग्री जब्त की गई। उक्त सामान खराब होने के कारण मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है तथा उक्त सामान की कीमत 20 लाख 75 हजार है।

## सात मामले दर्ज



इस अपराध में आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र शराब निषेध अधिनियम, 1949 के तहत सात मामले दर्ज किए गए हैं । विधानसभा चुनाव -2024 के मद्देनजर राज्य उत्पाद शुल्क विभाग आचार संहिता अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए शराब भट्टियों, अवैध शराब निर्माण केंद्रों पर छापेमारी कर रहा है. विभाग ने नागरिकों से यह भी अपील की है कि यदि वे अवैध शराब उत्पादन और बिक्री के बारे में शिकायत दर्ज करना चाहते हैं तो टोल फ्री नंबर 18002339999 पर सूचना दें ।

# आज उल्हासनगर में गरजेंगे योगी आदित्यनाथ!

▶▶ एंटीलिया मैदान में होगी महासभा

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

विधानसभा चुनाव से पहले उल्हासनगर शहर में सियासी पारा चरम पर पहुंच गया है.आगामी 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है और एक बड़े मील के पत्थर के रूप में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता से बातचीत करने के लिए उल्हासनगर आ रहे हैं। उनकी महाजनसभा बुधवार, 13 नवंबर को दोपहर ढाई बजे एंटीलिया ग्राउंड में होगी, जहां महायुतिया उम्मीदवार कुमार आयलानी के समर्थन के लिए प्रमुख भाजपा और महायुति नेताओं के मौजूद रहने की संभावना है।

## बड़े नेता कर चुके हैं उल्हासनगर का दौरा



अब उल्हासनगर की जनता और कार्यकर्ताओं को यही संदेश देने के लिए योगी खुद मौजूद रहेंगे।ताकि आयलानी को जीत के लिए चौतरफा समर्थन मिल सके।महागठबंधन के अभियान को गति देने के लिए पिछले दिनों कई बड़े नेता उल्हासनगर का दौरा कर चुके हैं।हाल ही में बीजेपी नेता पंकजा मुंडे ने उल्हासनगर में कार्यकर्ताओं से बातचीत की और कुमार आयलानी को जिताने की अपील की।इसके अलावा सांसद श्रीकांत शिंदे ने भी व्यापारियों से आयलानी को भारी मतों से जिताने की अपील की है।इतना ही नहीं राधास्वामी सत्संग परिसर में कुमार आयलानी के नेतृत्व में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसके जरिए सीधे मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश की गई।

## उल्हासनगर में चुनावी माहौल

13 नवंबर को होने वाली इस महाजन सभा के चलते उल्हासनगर में चुनावी माहौल और गरमाने वाला है। इस बैठक में हजारों नागरिकों और कार्यकर्ताओं के भाग लेने की संभावना है। शहरवासियों में इसको लेकर उत्सुकता बढ़ गई है और उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय नेता के रूप में योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी का इंतजार किया जा रहा है।उम्मीद है कि योगियों के इस उत्साह से उल्हासनगर में एक अलग जुनून और उत्साह पैदा होगा।अब देखने वाली बात यह है कि महागठबंधन के इस बड़े अभियान का जनता पर क्या असर पड़ता है और विधानसभा चुनाव के नतीजों पर इसका क्या असर पड़ता है।

# 426 मतदान केंद्रों पर महिलाओं का नियंत्रण रहेगा

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान कुल 426 महिला-नियंत्रित मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनकी पूरी जिम्मेदारी महिलाओं के हाथ में होगी। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा इन महिला-नियंत्रित मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि महिलाओं को चुनावी प्रक्रिया में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके और लैंगिक समानता को प्रोत्साहन दिया जा सके। इन मतदान केंद्रों पर सभी चुनावी कार्यों का संचालन महिलाएं करेंगी, जिसमें चुनाव ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल होंगे। इसका उद्देश्य महिलाओं को मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक रचनात्मक भागीदारी का अवसर प्रदान करना है, जो कि राज्य की लैंगिक समानता और महिलाओं की सशक्त भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। निर्देशों के अनुसार, इन मतदान केंद्रों पर किसी भी राजनीतिक दल के विशिष्ट रंग का उपयोग नहीं किया जाएगा। मतदान केंद्रों में किसी विशेष रंग के उपयोग पर प्रतिबंध इस बात को सुनिश्चित करेगा कि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष रहे और किसी भी राजनीतिक पक्षपात का संकेत न मिले।

## नासिक में ज्यादातर मतदान केंद्रों पर महिलाओं का नियंत्रण रहा



नासिक जिले में सर्वाधिक कुल 45 मतदान केंद्रों पर महिलाएं नियंत्रण करने जा रही हैं. इसके बाद जलगांव में 33, गोंदिया में 32 और सोलापुर में 29, मुंबई उपनगरीय जिले में 26 महिला नियंत्रित मतदान केंद्र होंगे। जबकि वाशिम, सिंधुदुर्ग, गढ़चिरौली, हिंगोली जिलों में प्रत्येक में न्यूनतम तीन महिला नियंत्रित मतदान केंद्र होंगे।

## महिला नियंत्रित मतदान केन्द्र

'महिला नियंत्रित मतदान केंद्र' स्थापित करने का यह निर्णय मतदान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगा। महिला मतदान केंद्र का चयन करते समय केंद्र की सुरक्षा को भी ध्यान में रखा जाएगा। संवेदनशील केन्द्रों से परहेज करते हुए इस विशेष प्रयोग के लिए तहसील कार्यालय, पुलिस थाने के निकट के केन्द्रों तथा ऐसे मतदान केन्द्रों का चयन किया जायेगा जहां निर्वाचन अधिकारियों का स्थायी सम्पर्क रहेगा।

## जिलेवार महिला नियंत्रित मतदान केन्द्र

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नागपुर : 13 | परभणी : 8 | सतारा : 17 | अमरावती : 8 | चंद्रपुर : 9 | यवतमाल : 7 |
| नांदेड़ : 9 | पुणे : 21 | ठाणे : 18 | औरंगाबाद : 13 | धुले : 5 | मुंबई सिटी : 12 |
| नंदुरबार : 4 | रायगढ़ : 9 | वर्धा : 9 | बीड : 8 | जालना : 6 | |
| उस्मानाबाद : 4 | रत्नागिरी : 6 | अहमदनगर : 12 | भंडारा : 8 | कोल्हापुर : 10 | |
| पालघर : 6 | सांगली : 8 | अकोला : 6 | बुलढाणा : 7 | लातूर : 6 | |

# मुंबई पुलिस ने सलमान खान को धमकी देने वाले को कर्नाटक से किया गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



बॉलीवडु अभिनेता सलमान खान से फिरौती मांगने के मामले में महाराष्ट्र पुलिस को सफलता मिली है। महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस ने एक्टर सलमान खान को जान से मारने और फिरौती मांगने के मामले में एक आरोपी को अरेस्ट किया है। यह गिरफ्तारी वर्ली पुलिस ने की है। आरोपी को पुलिस ने कर्नाटक से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोहेश पाशा के तौर पर हुई है। वर्ली पुलिस ने ही इसी महीने की छह तारीख को कर्नाटक से भीकाराम जलाराम बिश्नोई को अरेस्ट किया था। वह कर्नाटक के हावेली का रहने वाला था।

## पुलिस को मिली थी धमकी

वर्ली पुलिस ने यह गिरफ्तारी कुछ दिन पहले ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम नंबर पर आई धमकी के सिलसिले में की है। इस धमकी में एक अज्ञात शख्स ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से 5 करोड़ की फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद पुलिस एक्शन में आई थी।

# महापरेषण के जनसंपर्क विभाग को पीआरसीआई द्वारा तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए गए

## 'सर्वश्रेष्ठ डायरी', 'सर्वश्रेष्ठ कैलेंडर' और उत्कृष्ट लोक सेवा विज्ञापन के लिए सम्मानित किया गया

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (महापरेषण) के जनसंपर्क विभाग को भारतीय जनसंपर्क परिषद (पीआरसीआई) द्वारा स्थापित तीन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश डा. कृष्णा भट्ट के हाथों दिए गए और निदेशक (मानव संसाधन विकास), महापरेषण सुगत गमरे और जनसंपर्क अधिकारी डा. मिलिंद आवताडे ने स्वीकार किए। पुरस्कार 'सर्वश्रेष्ठ डायरी', 'सर्वश्रेष्ठ कैलेंडर' और 'सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक सेवा विज्ञापन' के लिए दिए गए। एमएसईटीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डा. संजीव कुमार (आईएएस) ने इस




सम्मान के लिए जनसंपर्क विभाग को बधाई दी। ्रस्कार मैंगलोर के मोतीमहल होटल में आयोजित 18 वें 'ग्लोबल कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव' में वितरित किए गए। इस अवसर पर अभिनेता और निर्देशक रवि किरण, पीआरसीआई के अध्यक्ष एम बी जयराम, डा. ममता लाला, डा. गीता शंकर, चिन्मयी प्रवीण भी उपस्थित थे। सीएमडी डॉ. संजीव कुमार ने पीआर विभाग की सराहना की। महापरेषण के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डा. संजीव कुमार (आईएएस) ने सफलता का श्रेय जनसंपर्क विभाग और उसकी पूरी टीम को दिया है। उन्होंने कहा, 'रचनात्मक एवं नवोन्वेषी कार्यों तथा मीडिया में निरंतर हो रहे नए परिवर्तनों को समझते हुए जनसंपर्क विभाग विविधता के साथ सकारात्मक ढंग से अपने कार्य कर रहा है। जनसंपर्क विभाग ने फेसबुक, ट्विटर (एक्स), इंस्टाग्राम, यूट्यूब, टेलीग्राम, थ्रेड्स और विभिन्न अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों सहित सोशल मीडिया के माध्यम से इस वितरण कंपनी की सकारात्मक भूमिका को लोगों के सामने प्रस्तुत किया है। न्होंने विश्वास जताया कि यह विभाग भविष्य में भी एमएसईटीसीएल को गौरवान्वित करने के लिए लगातार प्रयास करता रहेगा। महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (महापरेषण) के जनसंपर्क विभाग को मैंगलोर, कर्नाटक में पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा स्थापित तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए। पुरस्कार कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश कृष्णा भट्ट के हाथों दिए गए। महापरेषण के निदेशक (मानव संसाधन विकास) सुगत गमरे, जनसंपर्क अधिकारी डा. मिलिंद आवताडे को देखा जा सकता है।

# रिकॉर्ड समय में ग्रुप 'बी' एलडीसीई चयन प्रक्रिया पूरी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे ने ग्रुप 'बी' एलडीसीई (सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा) चयन प्रक्रिया को रिकॉर्ड समय में पूरा करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि विभागीय कर्मचारियों को ग्रुप 'बी' पदों पर पदोन्नत करने की उनकी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार कार्मिक विभाग के माध्यम से ग्रुप 'बी' एलडीसीई चयन प्रक्रिया का तेजी से पूरा होना पश्चिम रेलवे के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। विभिन्न विभागों में ग्रुप 'बी' पदों के लिए 10 उम्मीदवारों का पैनल जारी करके यह उपलब्धि हासिल की गई। 10 उम्मीदवारों के भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी (NAIR)/ वडोदरा से लिखित परीक्षा परिणाम आने के बाद मौखिक परीक्षा और डीपीसी की औपचारिकताएं पूरी की गईं। इसके अतिरिक्त, पश्चिम रेलवे ने सात संगठित सेवाओं (लेखा को छोड़कर) में ग्रुप 'बी' के 207 पदों के लिए एक संयुक्त अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना 01 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2026 तक की मूल्यांकन अवधि के लिए जारी की गई है। इसके अलावा, आवेदनों को सुव्यवस्थित करने के लिए, पश्चिम रेलवे ने एक इन-हाउस ऑनलाइन आवेदन प्रबंधन प्रणाली (OAMS) विकसित की है। इस प्रणाली को 1,200 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिससे आवेदन प्रक्रिया में तेज़ी, पारदर्शिता और प्रक्रिया आसान बनेगी। विनीत ने कहा कि यह उपलब्धि कर्मचारियों के करियर विकास, विभागीय दक्षता और इस प्रक्रिया में पारदर्शिता के प्रति पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
दो बजे दोपहर

# गद्दार कहे जाने पर भड़के सीएम एकनाथ शिंदे

## काफिला रोक कांग्रेस नेता के कार्यालय में पहुंचे, दी नसीहत



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच सोमवार रात को एक विचित्र घटना घटी। मुंबई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का काफिला चांदिवली विधानसभा क्षेत्र में जब कांग्रेस के नेता नसीम अहमद खान के दफ्तर से बाहर से निकला तो कुछ कार्यकर्ताओं ने गद्दार-गद्दार कहकर नारेबाजी है। सीएम शिंदे को इस नारेबाजी से गुस्सा आया। वह काफिले को रोककर नीचे उतरे और सीधे कुछ ही दूरी पर स्थित कांग्रेस नेता के दफ्तर में पहुंच गए। सीएम एकनाथ शिंदे ने नसीम खान के दफ्तर में मौजूद पदाधिकारियों से कहा कि आप कार्यकर्ताओं को यही सिखाते हैं? इस पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है।

### उद्धव के कार्यकर्ता ने की नारेबाजी



कांग्रेस नेता नसीम खान को पार्टी ने मुंबई की चांदीवली सीट से कैंडिडेट बनाया है। उसके कार्यालय के बाहर महाविकास आघाडी के घटक उद्धव ठाकरे की शिवसेना के कार्यकर्ता भी थी। सामने आया है कि सीएम शिंदे के खिलाफ नारेबाजी शिवसेना यूबीटी (उद्धव बालासाहब ठाकरे) की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने की थी। इतना ही नहीं संतोष काटके नाम के युवक ने मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। इसके बाद मुख्यमंत्री को गुस्सा आया और उन्होंने कांग्रेस नेता और चांदीवली से कैंडिडेट नसीम खान के सामने इस घटना को विरोध जताया। इस मौके पर कार्यालय में उद्धव ठाकरे की पार्टी के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### पुलिस ने बाद में युवक को छोड़ा

मुंबई में सोमवार की रात को हुई इस घटना में सामने आया है कि पुलिस ने सीएम के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले शख्स संतोष काटके को हिरासत में लिया था। हालांकि बाद में बाद में पुलिस ने छोड़ दिया। संतोष काटके के पिता रामदास आठवले की पार्टी में हैं। पुलिस के द्वारा छोड़े जाने के बाद काटके ने कहा कि सीएम कार्यालय में दाखिल हुए थे, लेकिन काटके ने फिर से दोहराया और पूछा कि क्या गद्दार कहना क्या गुनाह है? 2024 में इस सीट पर शिवसेना को जीत मिली थी। इससे पहले दो चुनावों में नसीम खान उर्फ मोहम्मद आरिफ जीत चुके हैं।

# पटोले के 'कुत्ते' वाले बयान पर सियासी संग्राम

## बीजेपी ने किया पलटवार



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने अकोला जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के मतदाताओं से यह पूछकर विवाद खड़ा कर दिया कि क्या वे उस भारतीय जनता पार्टी को वोट देंगे जो उन्हें "कुत्ता" कहती है। नाना पटोले ने सोमवार को अकोला पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के लिए एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा इतनी अहंकारी हो गई है कि वह अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय को कुत्ता कहती है। नाना पटोले पर पलटवार करते हुए भाजपा ने कहा कि उनकी टिप्पणी कांग्रेस की हताशा को दर्शाती है।

### भाजपा ने किया पलटवार

नाना पटोले की टिप्पणी पर पूर्व भाजपा सांसद किरीट सोमैया ने पलटवार करते हुए कहा कि इस तरह के बयान महा विकास अघाडी की हताशा को दर्शाते हैं। सोमैया ने कहा कि "वे निराश से हताश होते जा रहे हैं। शरद पवार कुछ कह रहे हैं, उद्धव ठाकरे चुनाव आयोग को अपशब्द कह रहे हैं और अब कांग्रेस भाजपा को कुत्ता कह रही है क्योंकि जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि महायुति चुनाव जीतने जा रही है।"

### क्या कहा था नाना पटोले ने?


प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि "मैं अकोला जिले के ओबीसी लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप उस भाजपा को वोट देंगे जो आपको कुत्ता कहती है? अब समय आ गया है कि भाजपा को कुत्ता बना दिया जाए।" नाना पटोले ने कहा कि भाजपा डर दिखाकर देश की एकता को तोड़ने का काम कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि महाराष्ट्र में परिवर्तन की लहर है और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस बार चुनाव हार जाएंगे।

### 'महाराष्ट्र में कांग्रेस सरकार नहीं बनने वाली'

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने भी इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'नाना पटोले हताश हो चुके हैं। जब वह यात्रा करते हैं, तो उन्हें समझ में आ जाता है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस सरकार नहीं बनने वाली है। अपनी हताशा के चलते उन्होंने कहा कि वह भाजपा को कुत्ते की तरह वश में करना चाहते हैं। यह कांग्रेस की आपातकालीन मानसिकता को दर्शाता है कि वे अपने प्रतिद्वंद्वियों को वश में करना चाहते हैं। वे उन्हें नियंत्रण में लाना चाहते हैं।' उन्होंने कहा कि अगर वे महाराष्ट्र में सत्ता में आए तो उन पर केस दर्ज कराएंगे, जो भी उनके खिलाफ कुछ बोलेगा। इसलिए हम कहते हैं कि कांग्रेस संविधान को नुकसान पहुंचाना चाहती है।

# चुनाव प्रचार के दौरान AIMIM उम्मीदवार को पड़ा दिल का दौरा

## मुफ्ती इस्माइल मुंबई अस्पताल में भर्ती



डीबीडी संवाददाता । मुंबई/मालेगांव

मौजूदा विधायक और मालेगांव सेंट्रल से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के उम्मीदवार मुफ्ती इस्माइल को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद इलाज के लिए मुंबई ले जाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मेडिकल जांच में डॉक्टरों ने उनके हृदय की 3 नसों में 80 प्रतिशत तक ब्लॉकेज पाया। दो बार के विधायक रह चुके मुफ्ती इस्माइल ने बीते सोमवार को सीने में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें मालेगांव के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### मधुमेह से भी पीड़ित हैं मुफ्ती इस्माइल

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुफ्ती इस्माइल को मंगलवार सुबह जल्दी ही स्थानांतरित कर दिया गया था। मुफ्ती की बीमारी के मद्देनजर क्षेत्र के अधिकांश उम्मीदवारों ने सोमवार को अपने-अपने चुनाव अभियान को अस्थायी रूप से रोक दिया था। सूत्रों के अनुसार मुफ्ती इस्माइल मधुमेह से पीड़ित हैं जिसके कारण उनकी बाईपास सर्जरी अभी नहीं की जा रही है।

# मध्य रेल के 12 कर्मचारियों को महाप्रबंधक का संरक्षा पुरस्कार सम्मान



डीबीडी संवाददाता । मुंबई


मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने दिनांक 12.11.2024 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई में आयोजित एक समारोह में 12 मध्य रेल कर्मचारियों अर्थात मुंबई मंडल के 3, भुसावल मंडल के 3, पुणे मंडल के 4 और सोलापुर मंडल के 2 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया।

यह पुरस्कार ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले महीनों के दौरान ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किए गए है । पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और 2000/- की नकद राशि शामिल है।

मुंबई मंडल से नीरज कुमार, उप स्टेशन प्रबंधक, पेन, विजय कुमार श्रीवास्तव, मोटरमैन, कल्याण और सूरज सोनू, खलासी, इगतपुरी तथा भुसावल मंडल के सुबंध कुमार दास, पॉइंट्समैन, पंझन, अनिल कुमार सिंह, पॉइंट्समैन, भुसावल,शविनाथ फौजदार, कीमैन, चालीसगांव और सोलापुर मंडल के लोकेंद्र सिंह बंदेला, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, सोलापुर, विक्रांत कांबले, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, सोलापुर और पुणे मंडल के एस.एस. राणा, लोको पायलट, दौंड, बी.एल. मीना लोको पायलट, दौंड और तनु शर्मा, सहायक लोको पायलट, दौंड, संतोष कुमार, तकनीशियन, पुणे, को सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उनके कर्तव्यों के प्रति उनकी सतर्कता और समर्पण की सराहना की।

इस अवसर पर प्रभात रंजन, अपर महाप्रबंधक, चंद्र किशोर प्रसाद, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी,रजनीश माथुर, प्रधान मुख्य इंजीनियर, एस एस गुप्ता, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, एन पी सिंह, प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर, सुबोध कुमार सागर प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर,अवनीश कुमार पांडे, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), प्रतीक गोस्वामी, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मध्य रेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शेखर समृद्धि स्पेशल ट्रेन शुरू



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

भुसावल डिवीजन ने थोक में खराब होने वाले सामानों को संभालने और किसानों को अपने खराब होने वाले सामान को रेल द्वारा भेजने में सक्षम बनाने के लिए शेखर समृद्धि स्पेशल ट्रेन शुरू की है। इसकी कुल लोडिंग क्षमता 10 वीपी (प्रत्येक 23 टन) और 10 सामान्य कोच है। दिवा और यात्री. छठ पूजा 19/10/24 से केवल किसान पार्सल कोचिंग मिक्स ट्रेन शनिवार को चलती है; लक्ष्य स्थान जबलपुर, सतना, प्रयागराज, आरा, बक्सर और दानापुर हैं। अनार, कस्टर्ड, सेब, अंगूर, प्याज, संतरा, नींबू, बर्फ आदि। कुल 262 टन गैर-विनाशकारी वस्तुएँ। तथा लोड रेगुलेशन किया जाता है तथा लगभग 10 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त होता है। 09/11/24 तक। शेतकारी समृद्धि स्पेशल ट्रेन 30.11.24 तक चलेगी और यह देश के सबसे छोटे किसानों को अपनी उपज देश के सुदूर कोनों तक भेजने की सुविधा प्रदान करने के लिए मध्य रेलवे की एक पहल है।

देश भर में प्याज की बढ़ती कीमतों के जवाब में, मध्य रेलवे भुसावल डिवीजन ने नासिक जिले के सुकेने और लासलगांव मलाचाया शेड से दिल्ली के पास किशनगंज, चेन्नई के कोरुक्कुपेठ और गुवाहाटी के पास चांगसारी में प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों में प्याज भेजना शुरू कर दिया है। नासिक जिले में फेडरेशन, NAFED और NCCF के साथ समन्वय करना। पहले, या सहकारी समितियों ने, शहरी केंद्रों तक तेजी से और थोक वितरण सुनिश्चित करके कीमतों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के उद्देश्य से सड़क-रेल परिवहन को चुना है।

- 16 अक्टूबर 2024 से अब तक कुल पांच रेक (01 पूर्ण रेक और 05 मिनी रेक) ने लगभग 8,017 टन कोयला दिल्ली, चेन्नई और गुवाहाटी तक पहुंचाया।
- इस पहल ने न केवल सरकार के मूल्य नियंत्रण प्रयासों का समर्थन किया बल्कि भूमि राजस्व विभाग के लिए माल ढुलाई राजस्व भी प्रदान किया। 17 अक्टूबर को सुकने शहर से दिल्ली किशनगंज के लिए 2,680 टन मिश्री भेजी गई, 22 अक्टूबर को लासलगांव से कोरुक्कुपेट (चेन्नई) के लिए 1,328 टन मिश्री भेजी गई और 26 अक्टूबर को 1,334 टन मिश्री भेजी गई. लासलगांव., दिल्ली किशनगंज। भुसावल डिवीजन ने लासलगांव दिल्ली से किशनगंज शहर सुकने से चांगसारी (गुवाहाटी) तक 1333 टन प्याज लोड किया और कुल 1.01 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया।
- आने वाले महीनों में लोडिंग गति बनाए रखने के प्रयास जारी हैं।
- जंबो रेक में गन्ने के थोक परिवहन और पार्सल वीआईपी में खराब होने वाले उत्पादों के परिवहन ने अतिरिक्त राजस्व या गतिविधियाँ उत्पन्न करके नासिक डिवीजन के किसानों को समर्थन दिया है।
- रेल परिवहन में नीतिगत परिवर्तन न केवल कोयले की कीमतों को स्थिर करके उपभोक्ताओं को समर्थन प्रदान करते हैं, बल्कि सहकारी समितियों के माध्यम से सड़क परिवहन के लिए एक लागत प्रभावी विकल्प भी प्रदान करते हैं और तेज और लागत प्रभावी वितरण की क्षमता को मजबूत करते हैं।

# बीजेपी ने सत्ता के लिए तोड़ा ठाकरे और पवार का घर: प्रमोद तिवारी



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

कांग्रेस के मुंबई प्रदेश कार्यालय राजीव गांधी भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाया है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि अंग्रेजों ने भारत पर शासन करने के लिए 'फूट डालो और राज करो' की नीति का प्रयोग किया था। बीजेपी उसी नीति का प्रयोग देश में जाति और धर्म में बंटवारा कर अपनी सीट मजबूत करने कर रही है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि बीजेपी ने सत्ता के लिए ठाकरे और पवार का घर तोड़ दिया। भाजपा में ब्रिटिश नीति का ही डीएनए है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया प्रभारी सुरेंद्र राजपूत, चयनिका उनियाल, मुंबई कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता युवराज मोहिते, प्रदेश कांग्रेस महासचिव सचिन सावंत आदि भी मौजूद थे। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि बीजेपी कटेंगे, लड़ेंगे, एक है तो साफ है जैसे नारे लगाकर लोगों से वोट मांग रही है। भाजपा परिवारों को तोड़ने वाली पार्टी है।

### बीजेपी और ओवैसी के रिश्तों पर उठाए सवाल

भाजपा यह नहीं बता रही कि पांच साल तक सत्ता में रहते हुए उसने क्या किया? वह विकास कार्यों के दम पर वोट नहीं मांग रही है, बल्कि समाज को बांटने वाले नारे देकर वोट मांग रही है। अब नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की सभाओं में भीड़ न जुटती देख बीजेपी ने उनके जुड़वा भाई ओवैसी को भी प्रचार में उतार दिया है। ऐसा कहते हुए तिवारी ने बीजेपी और ओवैसी के रिश्तों पर भी सवाल खड़े किए। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने अजित पर निशाना साधते हुए कहा कि वरिष्ठ नेता शरद पवार जिसे अपने बेटे की तरह मानते थे, उन्होंने सत्ता के लिए अपने चाचा को छोड़ दिया। इसी तरह एकनाथ शिंदे ने उन्हें बड़ा बनाने वाले ठाकरे परिवार स्वार्थवश छोड़ दिया और बीजेपी के साथ चले गए। ऐसे लोगों का क्या होगा? उन्होंने अपील की है कि शिंदे, अजीत और बीजेपी ने महाराष्ट्र के हितों की रक्षा नहीं की। इसलिए उन्हें दोबारा सत्ता न दें। महाराष्ट्र के स्वाभिमान और भविष्य के लिए महा विकास अघाड़ी को जिताएं।

मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल
म्हाडा MHADA
(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवम क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
टेली.नं.-022-66405432, ई-मेल: eewest.msib @mhada.gov.in
शुद्धिपत्र
समाचार पत्र दो बजे दोपहर में प्रकाशित सीपीआरओ/ए/884 विज्ञापन में कार्यकारी अभियंता (पूर्व) की जगह कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) पढ़ा जाएं.
हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (डब्लू), एम. एस. आई. बी बोर्ड, मुंबई
सीपीआरओ/ए/884
म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण

# त्योहारी सीजन के दौरान 95 लाख से अधिक यात्रियों को रेल सुविधा



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

भारतीय रेल द्वारा इस त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इस वर्ष 01 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2024 तक की अवधि के दौरान भारतीय रेल द्वारा 7,700 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले साल लगभग 4,500 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 73% अधिक है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, पश्चिम रेलवे यात्रियों की सुविधा तथा यात्रा की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से इस वर्ष त्योहारी सीजन के दौरान 01 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2024 तक उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा सहित विभिन्न गंतव्यों के लिए (पश्चिम रेलवे से शुरू होने वाली) लगभग 900 स्पेशल ट्रेनें चला रही है। ये स्पेशल ट्रेनें पश्चिम रेलवे से विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाई जाने वाली 9275 नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त परिचालित की जाती हैं। नियमित ट्रेनों में उपलब्धता और मांग के अनुसार अतिरिक्त कोच भी जोड़े जा रहे हैं। 1 अक्टूबर से 12 नवंबर, 2024 तक 33 लाख से अधिक यात्रियों ने पश्चिम रेलवे से उत्तरी राज्यों की यात्राएं की हैं। गौरतलब है कि 4 नवंबर 2024 को देशभर में 120 लाख से ज्यादा (करीब 20 लाख आरक्षित और 100 लाख से ज्यादा अनारक्षित गैर-उपनगरीय) यात्रियों ने यात्रा की। यह चालू वर्ष में एक दिन में यात्रा करने वाले यात्रियों की सबसे अधिक संख्या है। विनीत ने आगे बताया कि छठ पूजा और दिवाली की छुट्टियां मनाकर लौटने वाले यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को सुविधाजनक बनाने के लिए पश्चिम रेलवे ने कई महत्वपूर्ण उपाय किए हैं।

पश्चिम रेलवे
मरम्मत कार्य
मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई- 400 008 आमंत्रित करता है **निविदा सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/203 दिनांक 11.11.2024 कार्य और स्थान: विरार-जोरावासन खंड: एसएसई (पी-वे) वलसाड खंड के अंतर्गत पी-वे की मरम्मत 2 वर्ष की अवधि के लिए. कार्य की अनुमानित लागत:** रु. **82752621.72/-. ईएमडी:** रु. 563800/-. **जमा करने की तिथि और समय: 06.12.2024, 15.00 बजे तक. खोलने की तिथि और समय:** 06.12.2024 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। **0728**
लाइक करें facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
वलसाड स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां का प्रावधान
**नवंबर 2024** के महीने के लिए **वलसाड** स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां के लिए ई-नीलामी आयोजित की जाएगी. **नीलामी सूची संख्या: BCT-CTG-24-20. ई-नीलामी की तिथि: 18.11.2024. ई-नीलामी का समय:** 12:00 बजे. **अनु.क्र:** AA/1. **लॉट संख्या: MSS-BCT-BL-RCR-13-24-1. स्टेशन:** वलसाड. **स्टेशन की श्रेणी:** A. **स्थान:** पश्चिम परिसंचारी क्षेत्र. **इकाई का प्रकार:** रेल कोच रेस्तरां. **क्षेत्रफल (वर्गमीटर):** 305 वर्गमीटर.
**नोट:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें. लॉट के अनुसार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध हैं. 0720
लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
सामग्री प्रबंधन विभाग
विभिन्न सामग्री आपूर्ति
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/64/2024 दिनांक 11.11.2024

| अनु. क्र. | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 721 | पॉलीमर बफर स्प्रिंग पैक का सेट | 2106 सेट | 09-दिसंबर-24 |
| रिवर्स नीलाम | | | |
| 61 | अपग्रेडेड हाई टेन्साइल सीबीसी के लिए योक | 2266 संख्या | 16-दिसंबर-24 |

शुद्धिपत्र
कृपया निविदा सूचना संख्या एस/55/2024 दिनांक 25.09.2024 के क्रम संख्या 670 के लिए नियत तिथि को '18-11-2024' पढ़ें.
विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और www.wr.indianrailways.gov.in देखें. 0729
लाइक करें: facebook.com/WesternRly | फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

मध्य रेल
विभिन्न कार्य
**ई निविदा सूचना क्रमांक : एलसीएफ-डीआर-ओएचई-473-2024-08आर, दिनांक : 07.11.2024** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) दादर, तिलक ब्रिज के पास, पश्चिम रेलवे के प्लेटफॉर्म नंबर 5 के सामने, दादर (पश्चिम) मुंबई - 400 028, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये प्रतिष्ठीत ठेकोदारो से क्रिस वैबसाइट पर ऑनलाईन ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम तथा स्थान:** मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में आसनगांव से कल्याण तक चौथी लाइन और कल्याण से आसनगांव तक तीसरी लाइन के निर्माण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, सामग्री की आपूर्ति, उल्लंघन को हटाना, संशोधन, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. **45,69,39,748/-** (रुपये पैंतालीस करोड़ उनसठ लाख उनतालीस हजार सात सौ अड़तालीस मात्र) **जमा कराये जाने वाली बयाना राशि:** रु. **24,34,700/-** (रुपये चौबीस लाख चौंतीस हजार सात सौ मात्र) **निविदा पप्रत्र की लागत:** 00 (शून्य) **कार्य पूर्ण करने का अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने के दिन से चौबीस (24) महीना तक (मानसून सहित) । **ऑफर की वैधता:** निविदा खुलने के 90 दिन तक। **पूरी जानकारी के लिए वैबसाइट, नोटिस बोर्ड का स्थान:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ क्रिस कि वैबसाइट पता ireps.gov.in से देखे जा सकते हैं। **निविदा भरने की तारीख तथा समय:** निविदा दस्तावेज़ ऑनलाइन दिनांक 29-11-2024 समय 15:00 बजे तक या पहले भरी जा सकती है। **निविदा खोलने तारीख तथा समय:** निविदा इस कार्यालय मे 15:15 बजे दिनांक 29-11-2024 को खोली जाएगी। **नोट :** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि इलेक्ट्रॉनिक रुप के उनके प्रस्तावों को निविदा भरने से पहले, नियम और शर्तो, पात्रता मानदंड, ईएमडी और निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने के तरीके के संबंध में निविदा विवरण के क्रिस के वेबसाइट ireps.gov.in का संदर्भ लेना चाहिए।
**दिनांक : ०८-११-२०२४**
**उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) दादर, मुंबई - २८, सेंट्रल रेलवे**
Apex-543
असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

मध्य रेल
मरम्मत एवं रखरखाव कार्य
**खुलीई- निवीदा सूचना सं- मरे/मंरेप्र/(कार्य) बीबी/2024/27 दिनांक 08.11.2024**
**क्रमसंख्या- 1.** कार्य का नाम - सीनियर डीईएन (एस) अनुभाग के तहत उपकर को कम करना और गंदगी को हटाना। लगभग मूल्य रु में 150.64 लाख । बयाना राशि रु में-225300 समापन अवधि 12 महीने। **क्रमसंख्या- 2.** कार्य का नाम: मुंबई डिवीजन - वे साइड गेज फेस ल्यूब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार) 286 नग उपलब्ध कराना और बिछाना। लगभग मूल्य रु में. 4775.28 लाख बयाना राशि रु में 2537700 समापन अवधि 12 महीने। **क्रमसंख्या- 3.** कार्य का नाम - ए) एडीईएन मानखुर्द अनुभाग के तहत जुईनगर कॉलोनी, सानपाडा कारशेड, तुर्भे गुड शेड, रनिंग रुम और अन्य सेवा भवनों में सभी व्यापक भवन रखरखाव कार्यों के लिए सेवाएं प्रदान करना । (तीन वर्ष के लिए)। बी) एडीईएन मानखुर्द अनुभाग के तहत जुईनगर कॉलोनी, सानपाडा कारशेड, तुर्भे गुड शेड और अन्य सेवा भवनों में सभी व्यापक रखरखाव कार्यों के लिए सेवाएं प्रदान करने के लिए सामग्री की आपूर्ति । (तीन साल के लिए)। लगभग मूल्य रु में 448.12 लाख । बयाना राशि रु में 374100 समापन अवधि 36 महीने। **क्रमसंख्या- 4.** कार्य का नाम - ए) सीएसएमटी में प्लेटफार्म की सतह और कॉन्कोर्स क्षेत्र के फर्श की मरम्मत । बी) पीएफ-18, सीएसएमटी में पोर्टर्स रुम का नवीनीकरण। सी) सीएसएमटी - एडीईएन/डब्ल्यू/सीएसएमटी के तहत एनएबी की चौथी मंजिल पर ऑडिट कार्यालय के लिए आग बुझाने का प्रावधान। डी) सीएसएमटी में वीआईपी साइडिंग से इलेक्ट्रीक लोको शेड तक मार्ग का निर्माण । ई) सीएसएमटी-एसएसई/डब्ल्यू/सीएसएमटी के तहत कार्नाक बंदर में पार्सल शेड II और इलेक्ट्रिकल स्टोर की मरम्मत। लगभग मूल्य रु में 228.49 लाख । बयाना राशि रु में - 264300 समापन अवधि 10 महीने। **क्रमसंख्या- 5.** कार्य का नाम - सीनियर डीईएन (एस) क्षेत्रधिकार के तहत सीएसएमटी-कल्याण अनुभाग में सभी लाइनों पर डिजाइन मोड टैपिंग के लिए ट्रिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम के समान पोर्टेबल ट्रैक ज्योमेट्री माप ट्रॉली सिस्टम का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैपिंग ट्रैक माप। लगभग मूल्य रु में. 99.95 लाख। बयाना राशि रु में - 199900 समापन अवधि 12 महीने । **क्रमसंख्या- 6.** कार्य का नाम - आरबी- । रेलवे क्वार्टरों की मरम्म्त एमए/167-177/ए-बी, आरबी/I/193, आरबी/I/194, आरबी/I/195, आरबी/I/196, आरबी/I/197, एमए/201, एमए/202, एमए/203, एमबी/210/1-2 (कुल क्वार्टर 86 यूनिट) 52 चॉल रेलवे क्वार्टर ठाकुरली में एडीईएन (वर्क्स) कल्याण के अंतर्गत। लगभग मूल्य रु.229.98 लाख । बयाना राशि रु में-265000 समापन अवधि 12 महीने। **क्रमसंख्या- 7.** कार्य का नाम - सीएसएमटी-एडीईएन (डब्ल्यू) सीएसएमटी के तहत जीएम बिल्डिंग (दो राउंड) के बाहरी और आंतरिक पत्थर की आवधिक सफाई। लगभग मूल्य रु 289.79 लाख । बयाना राशि रु. में - 294900 समापन अवधि 24 महीने । **क्रमसंख्या- 8.** कार्य का नाम - कल्याण-इगतपुरी खंड मे एच-बीम स्लीपर (759 संख्या) द्वारा चैनल स्लीपर का प्रतिस्थापन । लगभग मूल्य रु 257.94 लाख । बयाना राशि रु में - 297000 समापन अवधि 4 महीने। **क्रमसंख्या- 9.** कार्य का नाम - एसएसई पी.वे. वासिंद के तहत वासिंद और टिटवाला यार्ड मे सुधार । लगभग मूल्य रु 172.97 लाख । बयाना राशि रु में - 236500 समापन अवधि 8 महीने। उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र. 1 दिनांक 27.11.2024, क्र. 2,3,5 और 6 दिनांक 29.11.2024, क्र. 4 और 7 दिनांक 30.11.2024, क्र. 8 और 9 दिनांक 09.12.2024 को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुध्दिपत्र के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रुप सेटेंडर से ऊपर ई-टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई-टेंडर के खिलाफ मैनुअल स्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रुप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा। www.ireps.gov.in वेबसाइट में प्राकृतिक नियम के अनुसार उपलब्ध किए गए ई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रुप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल । फोन - 022-67455323 यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अनुरुप है। निवीदाओं सबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा सबंधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र के ऊपर, छशिमटमुंबई-400001 के नोटिसबोर्ड पर भी उपलब्ध है।
Apex-544
**मंडल रेलप्रबंधक (कार्य) मुंबई छशिमट**
असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

संपादकीय

# गंगा फिर भी मैली


राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी को हमें एक गंभीर चेतावनी के रूप में लेना होगा, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है। कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा की यह हालत करने के गुनहगार? विडंबना देखिये कि तमाम सख्ती के बावजूद सैकड़ों खुले नाले गंगा में गंदा पानी गिरा रहे हैं। तमाम उद्योगों का अपशिष्ट पानी अनेक जगह गंगा में गिराया जा रहा है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' शुरू किया गया था। बताया जाता है कि अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं।

इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। सिर्फ सरकारी प्रयास काफी नहीं हैं। दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य श्रृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में अघुलनशील कचरा व अन्य अपशिष्ट डालने से रोकने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

यदि जागरूकता व प्रेरित करने से बात नहीं बनती तो इसके लिये जुर्माने का प्रावधान भी होना चाहिए। साथ ही गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। एक बात तो तय है कि सरकार के साथ जब समाज की जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, गंगा का साफ होना असंभव जैसा हो जाएगा। गंगा सिर्फ बहती नदी नहीं है हमारे पुरखों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। गंगा मुक्तिकामी भी है। जीवनदायिनी भी है। ऐसे में केंद्र सरकार की नमामि गंगा परियोजना में राज्यों की भागीदारी और जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए। साथ ही स्वच्छता परियोजना की निरंतर निगरानी की जानी भी जरूरी है ताकि प्रयासों का स्थायी लाभ गंगा को स्वच्छ बनाने में मिल सके। सही मायनों में आज गंगा के उद्धार के लिये हर भारतीय को भगीरथ जैसा दायित्व निभाना होगा। तभी सदियों से अविरल बह रही जीवनदायी गंगा की प्रतिष्ठा भी फिर से स्थापित हो सकेगी। फिर एनजीटी को यह न कहना पड़ेगा कि फलां जगह का गंगाजल आचमन करने लायक नहीं रह गया है।

शख्सियत | गजानन माधव मुक्तिबोध

## संघर्ष और संवेदना के कवि



गजानन माधव मुक्तिबोध भारतीय साहित्य के एक प्रमुख कवि, आलोचक और लेखक थे, जिन्हें आधुनिक हिंदी साहित्य में अद्वितीय स्थान प्राप्त है। उनका जन्म 13 नवंबर 1917 को श्योपुर, मध्य प्रदेश में हुआ था। मुक्तिबोध का साहित्यिक सफर संघर्षों और क्रांति की भावना से प्रेरित था, जो उनके लेखन में स्पष्ट दिखाई देता है।

मुक्तिबोध की रचनाओं में उनके जीवन के संघर्ष और समाज के प्रति उनका आक्रोश झलकता है। उनके साहित्य में वर्ग संघर्ष, सामाजिक विषमता और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए गंभीर विचारशीलता देखने को मिलती है। वे प्रगतिशील लेखन के समर्थक थे और अपने विचारों को निर्भीकता से प्रस्तुत करते थे। उनकी कविताएँ आम जनजीवन, समाज की समस्याओं, और राजनीतिक स्थितियों को गहराई से चित्रित करती हैं। उनकी प्रमुख काव्य रचनाएँ ्चांद का मुंह टेढ़ा है्, ्भूरी-भूरी खाक धूल् और ्अंधेरे में् हैं, जो समाज में फैली हुई अंधकारमय स्थितियों को उजागर करती हैं। उन्होंने समाज के आंतरिक और बाहरी संघर्ष को बखूबी अपनी कविताओं में व्यक्त किया है। उनकी रचनाएँ अक्सर जटिल और गूढ़ मानी जाती हैं, लेकिन उनमें समाज का यथार्थ और उनकी पीड़ा झलकती है। मुक्तिबोध ने साहित्य में 'नई कविता' आंदोलन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके लेखन ने हिंदी साहित्य में एक नई दृष्टि और दिशा प्रदान की। उन्होंने अपनी कविताओं में मनोवैज्ञानिक और सामाजिक विषयों को बखूबी उकेरा, जिससे उन्हें एक संवेदनशील और गहन विचारक के रूप में पहचाना गया। गजानन माधव मुक्तिबोध का निधन 11 सितंबर 1964 को हुआ, लेकिन उनकी रचनाएँ आज भी पाठकों के दिलों में जीवित हैं। उनकी कविताएँ और लेखन भारतीय समाज की सच्चाईयों और संघर्षों का प्रतिबिंब प्रस्तुत करते हैं, जो आज भी प्रासंगिक हैं। मुक्तिबोध को हिंदी साहित्य में उनके योगदान के लिए सदैव याद किया जाएगा।

# महाराष्ट्र में कौन बना रहा है सरकार, और कैसे?



प्रसादराजे भोपले
राजनैतिक सलाहकार

महाराष्ट्र की आज की राजनीतिक स्थिति में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि सरकार कौन बनाएगा, लेकिन मौजूदा परिदृश्य का गहराई से विश्लेषण करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि महायुति, विशेष रूप से भाजपा और शिवसेना, सरकार बनाने की बेहतर स्थिति में हैं। आइए समझते हैं कि लोकसभा चुनावों में बीजेपी के औसत प्रदर्शन के कारण क्या थे और विधानसभा चुनावों में अपनी गलतियों को न दोहराने के लिए महायुति ने क्या कदम उठाए।

**✦ पहला कारण आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी**

सबसे पहले तो बीजेपी के औसत प्रदर्शन का मुख्य कारण देश में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी थी। 1300 रुपये के करीब पहुंचने वाले गैस सिलेंडर के दाम ने अधिकांश घरों में वित्तीय संकट खड़ा कर दिया था। हालांकि अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में मोदी सरकार ने सब्सिडी दी, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। महिला वर्ग में मोदी सरकार की नकारात्मक छवि बन चुकी थी, और यह काफी हद तक समझ में भी आता है, क्योंकि उन्हें अपने घर का बजट संभालना मुश्किल हो रहा था। इस समस्या को समझते हुए, महायुति सरकार ने महाराष्ट्र में लाड़ली बहन योजना', 'अन्नपूर्णा योजना' और लड़कियों के लिए मुफ्त शिक्षा योजना लाई। दीवाली से पहले 1.98 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में 7500 रुपये जमा होना उनके लिए खुशियों की वजह बना। इस दीवाली पर महिलाओं ने अपने घरों में दीवाली का उत्सव कुछ इस तरह मनाया मानो वे खुद रानी हों। ग़रीब घर के माताओं को अपने बच्चों के लिए नये कपड़े लेने संभव हो सका। उन माताओं के लिए यह अत्यंत भावनात्मक क्षण था, जो अपने बच्चों को पुराने कपड़ों में देखते हुए अमीर बच्चों को नई चीजों के साथ उत्सव मनाते हुए देखती थी। इस दीवाली के जश्न को महिलाएं मतदान करते समय जरुर याद रखेंगी।

**✦ दूसरा कारण : किसानों और ग्रामीण समुदाय की नाराजगी**

दूसरा बड़ा कारण किसानों और ग्रामीण समुदाय की नाराजगी थी। क्या आप विश्वास करेंगे कि 2011 में कपास की कीमत 215 रुपये प्रति किलो थी, जबकि 2024 में यह घटकर 165 रुपये प्रति किलो रह गई। इसने किसानों की कमाई को 2011 से भी कम कर दिया। अन्य प्रमुख फसलें जैसे गन्ना, सोयाबीन और प्याज की भी यही स्थिति रही। प्याज किसानों के साथ तब अन्याय हुआ जब चुनावी समय में गुजराती निर्यातकों को प्याज का निर्यात करने दिया गया, लेकिन महाराष्ट्र के निर्यातकों को अनुमति नहीं मिली। इससे महाराष्ट्र के प्याज किसानों में आक्रोश फैल गया। इस स्थिति को समझते हुए, महायुति सरकार ने किसान समुदाय के लिए कई वादे किए हैं। पहला, अगले 25 सालों के लिए मुफ्त बिजली का वादा। करीब 44 लाख किसानों को 0 बिजली बिल मिले। अब महायुति सरकार ने किसानों के कर्ज माफी का भी वादा किया है। सरकार ने 5000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्याज खरीदने का भी निर्णय लिया है। प्याज 50 रुपये प्रति किलो खरीदने का यह कदम दिखाता है कि महायुति सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति काफी गंभीर है।

**✦ तीसरा कारण: युवा बेरोजगारी**

तीसरा मुद्दा था युवा बेरोजगारी। इस मुद्दे की जड़ें गहरी हैं और हमें इसे सकारात्मक दृष्टिकोण से देखना चाहिए। भले ही भारत की जीडीपी शानदार दर से बढ़ रही हो, लेकिन संरचनात्मक और घर्षण बेरोजगारी एक चिंता का विषय है। जैसे कि इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स का मामूली नौकरियों में काम करना। एक दिन मैंने अपने कार्यालय के गेटमैन को देखा, जो 70 रुपये के खाने के लिए पैसे खर्च करने में असमर्थ था। इससे बेरोजगारी की गंभीरता का एहसास हुआ। महायुति सरकार ने इस मुद्दे की गंभीरता को समझा और 'कौशल विकास योजना' लाई। इसके तहत 10 लाख से अधिक युवाओं को स्टाइपेंड दिया जाएगा, ताकि वे अपने करियर को संवार सकें।

**✦ चुनाव और मतदान एक भावनात्मक प्रक्रिया**

सारांश में, चुनाव और मतदान एक भावनात्मक प्रक्रिया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को कई मुद्दों के कारण जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ा। लेकिन महायुति सरकार ने महिलाओं, युवाओं और किसानों की नाराजगी को कम करने के लिए जो सक्रिय प्रयास किए हैं, वे महायुति को सरकार बनाने में मदद कर सकते हैं। गौरतलब है कि 2024 लोकसभा चुनाव में महायुति और एमवीए के बीच वोटों का अंतर 3 लाख से कम था। साथ ही, जबकि एमवीए का 156 विधानसभा सीटों पर बढ़त थी। महायुति भी 125 सीटों पर आगे थी। ऐसी योजनाओं जैसे लाड़ली बहन योजना', 'शून्य बिजली बिल' और मुफ्त शिक्षा के कारण यह 3 लाख वोटों का अंतर पाटना महायुति नेतृत्व के लिए मुश्किल नहीं होगा, क्योंकि मतदाताओं की नाराजगी अब शांत होती दिख रही है।

जीवन मंत्र | ओशो

# सच्ची दृष्टि तभी मिलेगी

तुम्हें वही बनाए रखना है, जिससे तुम उसे विस्मृत न कर दो। तुम शांत बैठते हुए, अपना होश बनाए रखते हुए, उसे कभी भूलो मत, बस सभी कुछ इतना ही है। और देर-सबेर कुछ चीजें तुम्हारे अंदर ही खिलेंगी और तुम्हें एक दृष्टि मिलेगी।



एक बूढ़ी आयरिश कैथोलिक महिला मृत्यु-शय्या पर लेटी थी। जब अंत करीब आ गया, तो उसके अंतिम संस्कार के बारे में आदेश देने के लिए फादर पैट्रिक को बुलाया गया। फादर ने वृद्धा का हाथ अपने हाथों में लेकर कहा, 'मेरी! क्या तुम जानती हो कि तुम अब कहां जा रही हो? जानती हो न?'

महिला ने कहा, 'जी धर्मपिता। जानती हूं।'

पादरी ने आगे कहा, 'तुम जीवन भर बहुत नेक रही, तुमने कोई पाप नहीं किया, प्रतिदिन प्रार्थना की और तुम एक धार्मिक महिला बनकर रही।' मेरी ने उत्तर दिया, 'धर्मपिता, आप ठीक कह रहे हैं; मैं हमेशा एक अच्छी कैथोलिक रही।' तब फादर पैट्रिक ने कहा, 'मेरी। तुमसे पूछने के लिए मेरे पास एक प्रश्न है। मैं जानना चाहता हूं कि तुम अपने ताबूत में सफेद लाइनिंग चाहती हो या बैंगनी?' मेरी ने पूछा, 'धर्मपिता! इनमें क्या फर्क है?'

फादर ने उत्तर दिया, 'यदि तुम वास्तव में एक नेक महिला बनकर रही हो, बहुत वासनायुक्त नहीं थी, तुमने कभी किसी से अवैध संबंध नहीं रखे, कभी चोरी नहीं की, कभी ईर्ष्यालु बनकर नहीं रही, कभी लालच नहीं किया, प्रभु के नाम का प्रयोग करते हुए कभी अभिमान या गर्व नहीं किया और एक अच्छी कैथोलिक बनकर रही, तब तुम्हारे ताबूत में सफेद लाइनिंग लगाई जाएगी। लेकिन यदि तुम वासनामय रही, तुमने अवैध संबंध स्थापित किए हैं, तुम लालची, घमंडी, ईर्ष्यालु रही, तुमने चोरी की, परमात्मा के नाम का प्रयोग गर्व से किया और एक बुरी कैथोलिक बनकर रही, तो तुम्हारे ताबूत में बैंगनी लाइनिंग होगी। अब मैं तुमसे जानना चाहता हूं कि तुम अपने ताबूत में किस रंग की लाइनिंग चाहती हो?' बूढ़ी मेरी ने अपनी आंखें बंद कीं, एक क्षण सोचा और फिर कहा, 'फिर ठीक है धर्मपिता। मैं चाहती हूं कि लाइनिंग सफेद रंग की ही हो, पर उसमें यहां-वहां थोडे.से बैंगनी रंग की भी झलक हो।'


तुम्हारी व्याख्याएं और अर्थ तुम्हारे मन के ही प्रतिबिंब बनने जा रहे हैं। तुम जो कुछ भी कहते हो, वही टकराकर वापस मुड़ता है। इसलिए जब कोई सद्गुरु तुम्हें कोई विधि दे, तो तुम्हें उसके बारे में सोच-विचार नहीं करना है, अन्यथा तुम उससे चूक जाओगे। चिंतन मार्ग से भटका देता है। तुम्हें उस पर ध्यान करना है और ध्यान का अर्थ चिंतन नहीं है, उसका प्रामाणिक अर्थ है खुद को होशपूर्ण बनाए रखना। तुम्हें वही बनाए रखना है, जिससे तुम उसे विस्मृत न कर दो। तुम शांत बैठते हुए, अपना होश बनाए रखते हुए, उसे कभी भूलो मत, बस सभी कुछ इतना ही है। और देर-सबेर कुछ चीजें तुम्हारे अंदर ही खिलेंगी और तुम्हें एक दृष्टि मिलेगी। वही दृष्टि उस विधि का अर्थ होगी। उस अर्थ को जानने के लिए तुम्हारे अंतरवार्तालाप को मिटना होगा।

जीवन ऊर्जा | रॉबर्ट लुई स्टीवेंसन: जन्म - 13 नवंबर 1850 | जन्म

# एक दोस्त वह उपहार है जो तुम खुद को देते हो

रॉबर्ट लुई स्टीवेंसन का जन्म 13 नवंबर 1850 को स्कॉटलैंड में हुआ था। वे एक प्रसिद्ध लेखक, कवि और यात्रा लेखक थे, जिन्हें 'ट्रेजर आइलैंड' और 'डॉ. जेकिल और मिस्टर हाइड' जैसी कृतियों के लिए जाना जाता है। उनका निधन 3 दिसंबर 1894 को हुआ।

हर दिन का मूल्यांकन उसकी फसल से नहीं बल्कि उन बीजों से करो जो तुम बोते हो। जीवन अच्छे पत्ते मिलने का नहीं बल्कि कमजोर पत्तों से भी बेहतरीन खेल खेलने का नाम है। अपनी डर को खुद तक रखो लेकिन अपना साहस दूसरों से साझा करो। जीवन की सबसे सुंदर चीजें हमारे सबसे करीब होती हैं जैसे साँस, प्रकाश, और हमारे कदमों के नीचे के फूल। आशा के साथ यात्रा करना पहुँचने से बेहतर है। खुश रहने के कर्तव्य को हम सबसे अधिक अनदेखा करते हैं। दुनिया में इतनी सारी चीजें हैं कि हम सभी को राजाओं जितना खुश होना चाहिए। एक दोस्त वह उपहार है जो तुम खुद को देते हो। हर इंसान किसी न किसी चीज़ को बेच कर जीता है। कोई भी जगह पराई नहीं होती। एक यात्रा करने वाला ही अजनबी होता है। हर दिन का मूल्यांकन बोए गए बीजों से नहीं बल्कि प्राप्त फसल से करो। सच्चा सुख वही है जहाँ खुद को पूरी तरह खोलने का जोखिम हो। जीवन का एक उद्देश्य होना ही सबसे बड़ी संपत्ति है। स्वास्थ्य को कंजूस की तरह नहीं बल्कि खुलकर खर्च करने वाला बनो। समझौता सबसे अच्छा और सस्ता वकील है।



शराब बोतल में बंद कविता है। जीवन में हमारा काम सफलता नहीं बल्कि असफलता में भी हौसले को बनाए रखना है। कमजोरी से भागना मुमकिन नहीं। कभी-कभी इसका सामना करना ही पड़ता है। मैं यात्रा सिर्फ पहुँचने के लिए नहीं करता बल्कि यात्रा के मजे के लिए करता हूँ। दोस्तों द्वारा छुपाई गई सच्चाई ही शत्रु का सबसे कारगर हथियार होती है। हम जो हैं वो होना और जो हम बन सकते हैं वो बनना ही जीवन का असली उद्देश्य है। इस दुनिया के जंगल में हम सभी यात्री हैं और हमारी सबसे अच्छी खोज एक सच्चा दोस्त है। जब तक हम प्रेम करते हैं हम सेवा करते हैं और जब तक हमें प्रेम मिलता है तब तक हम किसी के लिए अनिवार्य हैं। खुशी जहाँ भी मिले उसे ढूंढो और उसे अपनी आवाज से और भी खूबसूरत बना दो।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# विष्णु सहस्त्र नाम के पाठ की महिमा

जिन पापों की शुद्धि के लिए कोई उपाय नहीं, उनके लिए भगवान के सहस्त्रनामों का पाठ सर्वोत्तम उपाय माना जाता है । सहस्त्रनामों के पाठ से स्वाध्याय का व मंत्र-जप करने का पुण्य प्राप्त हो जाता है; साथ ही मनुष्य के सभी दुःख-दारिद्रय, ऋण आदि दूर हो जाते हैं।


सहस्त्रनाम का पाठ रोग हरने वाला, राज्यसुख देने वाला, पुत्र-पौत्र देने वाला, आयुप्रद और सभी मंगलों को देने वाला माना जाता है सहस्त्रनाम के एक-एक अक्षर की महिमा का वर्णन नहीं किया जा सकता है।

वैसे तो सभी देवताओं के सहस्त्रनाम का अति महत्व है; किन्तु सात्विकता की दृष्टि से विष्णु सहस्त्रनाम' के पाठ की विशेष महिमा है क्योंकि भगवान विष्णु सत् गुण के अधिष्ठातृ देवता और संसार का पालन करने वाले हैं ।

वामन पुराण में कहा गया है

नारायणो नाम नरो नराणां
प्रसिद्धचौरः कथितः पृथिव्याम् ।
अनेकजन्मार्जित पापसंचयं
हरत्यशेषं श्रुतमात्र एव ।।

अर्थात्पृथ्वी में नारायण नामरूपी नर प्रसिद्ध चोरकहा जाता हैक्योंकि वह कानों में प्रवेश करते ही मनुष्यों के अनेक जन्मार्जित पापों के सारे संचय को एकदम चुरा लेता है ।'



विष्णु सहस्त्रनाम के चार स्वरूप उपलब्ध हैं महाभारत अनुशासन पर्व के अध्याय १४९ में वर्णित सहस्त्रनाम-यह भीष्म पितामह द्वारा धर्मराज युधिष्ठिर को बताया गया हैं ।

पद्म पुराण (६।७२) मेंयह सहस्त्रनाम भगवान शिव ने पार्वतीजी से कहा है और सबसे पुराना है ।

स्कन्द पुराण के (५।१।७४) में-यह सहस्त्रनाम ब्रह्माजी ने देवताओं को सुनाया था ।

गरुड़ पुराण अध्याय १५ मेंयह भगवान श्रीहरि ने भगवान रुद्र को बताया था ।

महाभारत के अनुशासन पर्व में भीष्मप्रोक्त 'विष्णु सहस्त्रनाम' विशेष प्रसिद्ध है यह द्वापर के अंत का है ।

विष्णु सहस्त्रनाम की महिमा बताते हुए भीष्म पितामह जब बाणों की शय्या पर थे तो उन्होंने धर्मराज युधिष्ठिर को धर्म के विभिन्न रहस्यों पर उपदेश दिया । युधिष्ठिर ने पितामह भीष्म से प्रश्न कियापरम धर्म क्या है और किसका जप करने से मनुष्य जन्म-मरण रूपी संसार-बंधन से मुक्त हो जाता है ?'

इसका उत्तर देते हुए भीष्म पितामह कहते हैंभगवान नारायण का दर्शन करते हुए शांति से विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना ही मनुष्य का परम धर्म है । मेरा नियम है कि विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किए बिना मैंने कभी पानी भी नहीं पिया है

एक बार युधिष्ठिर ने देखा कि भगवान श्रीकृष्ण पुलकित शरीर होकर ध्यान में बैठे हैं । ध्यान पूरा होने पर युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से पूछा-'प्रभु सब लोग आपका ध्यान करते हैं, आप किसका ध्यान कर रहे थे

भगवान श्रीकृष्ण ने कहा-'मेरा भक्त शरशय्या पर पड़ा मेरा ध्यान कर रहा है और मैं अपने उस प्रिय भक्त का ध्यान कर रहा था, मैं उनके स चला गया था।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सक्सेस मंत्र

# शॉर्टकट नहीं, पर्याप्त प्रयासों से ही मिलती है कामयाबी

मुंबई में एक प्रसिद्ध उद्योगपति जो कि कई कारखानों के मालिक थे, वह अपने उत्तराधिकारी का चयन करना चाहते थे। उनकी तीन संतानें थी, एक दिन उन्होंने तीनों पुत्रों को बुलाकर एक मुट्ठी मिट्टी देकर कहा कि मैं देखना चाहता हूं कि तुम लोग इसका एक माह के अंदर क्या उपयोग करते हो। एक माह के बाद जब पिताजी ने तीनों को बुलाया तो उन्होने अपने द्वारा किए गए कार्य का विवरण उन्हें दे दिया। सबसे पहले बड़े पुत्र ने बताया कि वह मिट्टी किसी काम की नहीं थी इसलिए मैंने उसे फिंकवा दिया। दूसरे पुत्र ने कहा कि मैंने सोचा कि इस मिट्टी में बीजारोपण करके पौधा उगाना श्रेष्ठ रहेगा। तीसरे और सबसे छोटे पुत्र ने कहा कि मैने गंभीरता पूर्वक मनन किया कि आपके द्वारा मिट्टी देने का कोई अर्थ अवश्य होगा इसलिए मैंने तीन चार दिन विचार करने के पश्चात उस मिट्टी को प्रयोगशाला में भिजवा दिया जब परिणाम प्राप्त हुआ तो यह मालूम हुआ कि साधारण मिट्टी ना होकर फायर क्ले ( चीनी मिट्टी ) है जिसका औद्योगिक उपयोग किया जा सकता है। यह जानकर मैंने इस पर आधारित कारखाना बनाने की पूरी कार्ययोजना तैयार कर ली है। उस उद्योगपति ने अपने तीसरे पुत्र की बुद्धिमत्ता की प्रशंसा करते हुए उसे अपनी संपत्ति का उत्तराधिकारी बना दिया और उससे कहा कि मुझे विश्वास है कि तुम्हारे नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में हमारा व्यापार दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति करेगा। मेरा विश्वास है कि तुम जीवनपथ में सभी को साथ लेकर चलोगे और सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुंचोगे। मेरा आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं सदैव तुम्हारे साथ है। बेटा एक बात जीवन में सदा ध्यान रखना कि जरूरी नहीं कोई बहुत छोटी चीज छोटी ही हो। मिट्टी का क्या मोल ? लेकिन तुम्हारी तीक्ष्ण बुद्धि और विचारशीलता ने मिट्टी में भी बहुत कुछ खोज लिया।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

न्यूज़ ब्रीफ

### अमेरिका में गोलीबारी से पांच लोगों की मौत



**कंसास।** अमेरिका के कंसास के विचिटा शहर में एक इलाके के तीन घरों में गोली मारकर पांच लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस का मानना है कि गोलीबारी के ये मामले एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पुलिस प्रमुख जो सुलिवन ने कहा कि रविवार को मृत पाए गए लोगों में से एक संदिग्ध हमलावर था। पुलिस का मानना है कि सभी पांच लोग एक-दूसरे को जानते थे, हालांकि उनके आपस में संबंध का खुलासा नहीं किया गया है। पुलिस ने कहा, जांच से यह पता लग जाएगा कि क्या मृतकों में से ही किसी एक ने अन्य लोगों को गोली मारी थी।

### CISF की पहली ऑल-वूमेन रिजर्व बटालियन को केंद्र सरकार की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने CISF को ऑल-वूमेन रिजर्व बटालियन की मंजूरी दी है। इस बटालियन में 1025 महिला सिपाही शामिल होंगी। सीनियर कमांडेंट रैंक के अफसर इस फोर्स का नेतृत्व करेंगे।इस बटालियन की तैनाती देशभर के एयरपोर्ट्स पर की जाएगी। CISF की यह यूनिट रिजर्व रहेगी। पहले से पदस्थ फोर्स को कोई और ड्यूटी मिलने पर इसे रिइंफोर्समेंट की तरह इस्तेमाल किया जाएगा।

### कांग्रेस नेता और केरल सरकार में मंत्री रहीं एम टी पद्मा का 81 की उम्र में निधन

**कोच्चि।** कांग्रेस नेता और केरल सरकार में मंत्री रहीं एम टी पद्मा का 12 नवंबर को 81 साल की उम्र में निधन हो गया। पद्मा उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थीं। वे बीते 3 साल से बेटी के साथ मुंबई में ही रह रही थीं। पद्मा का पार्थिव शरीर बुधवार को कोझिकोड लाया जाएगा। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार होगा।

### मैतेई समुदाय के दो लोगों के शव मिले, 6 लापता

**जिरिबाम।** मणिपुर के जिरिबाम जिले में जकुराडोर करोंग इलाके में सुरक्षाबलों और कुकी उग्रवादियों के बीच 11 नवंबर को मुठभेड़ हुई थी। इसमें 10 उग्रवादी मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया था कि यहां मौजूद मैतेई समुदाय के कुछ लोग घटना के बाद से गायब हैं। उनके अपहरण किए जाने की आशंका भी जताई गई थी। मंगलवार को इन गायब लोगों में से 2 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। 6 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। इनमें 3 महिला और तीन बच्चे शामिल हैं।

दिल्ली शराब नीति घोटाला

### हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा


**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ED) से जवाब मांगा है। केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एजेंसी की शिकायत पर उन्हें जारी किए गए समन को चुनौती दी है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने आपराधिक मामले में सुनवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि ट्रायल कोर्ट का आदेश जिसे केजरीवाल ने चुनौती दी है, दो महीने पुराना है। नया आदेश नहीं है।

# चीन में बेकाबू कार से कुचले 35 लोगों की मौत, 43 घायल

## राष्ट्रपति ने कहा- सख्त सजा मिलेगी

**एजेंसी । झुहाई**

चीन के झुहाई में एक ड्राइवर बेकाबू वाहन लेकर भीड़ में घुस गया। इस भीषण सड़क हादसे में 35 लोगों की मौत हुई है, जबकि 43 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक झुहाई में इस समय चीन का प्रतिष्ठित एयर शो चल रहा है। इस कारण शहर में काफी भीड़-भाड़ है। इस हाइप्रोफाइल कार्यक्रम के दौरान व्यस्ततम इलाके में 62 वर्षीय ड्राइवर बेकाबू वाहन के साथ पहुंच गया। चालक को हिरासत में ले लिया गया है। यह दुर्घटना है या हिट एंड रन का मामला, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है।



**दोषी वाहन चालक को सख्त सजा मिलेगी**

रिपोर्ट में कहा गया है कि शी जिनपिंग ने कानून के अनुसार अपराधी को सख्त सजा दिलाने का निर्देश भी दिया है।

### राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने संवेदना प्रकट की

हादसे के कारण तुरंत स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस ने घटना का विवरण अभी तक जारी नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ड्राइवर कार सवार था। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने झुहाई शहर में कार की टक्कर से मारे गए लोगों के परिजनों के प्रतिसंवेदना प्रकट की है। उन्होंने हादसे में घायल हुए लोगों के इलाज के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

# मुख्यमंत्री आवास के बाहर बस मार्शलों ने दिया धरना




**एजेंसी । नई दिल्ली**

बस मार्शलों और सिविल डिफेंस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी के कालकाजी स्थित आवास के बाहर धरना देकर स्थायी नौकरी की मांग की। हाथों में तख्तियां लेकर तकरीबन एक किलोमीटर पैदल मार्च कर सीएम आवास पर पहुंचे मार्शलों ने कई घंटे तक धरना दिया। बस मार्शलों ने दिल्ली सरकार पर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने विधायक कार्यालय पर जाकर मुख्यमंत्री के स्टाफ को ज्ञापन दिया, लेकिन सीएम से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। बस मार्शलों को अब तीन दिन के भीतर मांग पर कार्रवाई का आश्वासन मिला है। मुख्यमंत्री आतिशी ने बीते सप्ताह घोषणा की थी कि बस मार्शलों को स्थायी नौकरी दिए जाने का प्रस्ताव उपराज्यपाल को भेजा जाएगा और जब तक उन्हें स्थायी नौकरी नहीं मिलती, तब तक बसों पर बहाली करके उन्हें वेतन दिया जाएगा। इस अस्थायी नौकरी के प्रस्ताव से बस मार्शल सहमत नहीं है। इसके विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में बस मार्शल और सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता पहले इरोज सिनेमा के पास एकत्र हुए और यहां से पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री आतिशी के कालकाजी स्थित आवास पर पहुंचे।

# जमीर अहमद ने कुमारस्वामी से मांगी माफी

## डीके शिवकुमार बोले- दोनों दोस्त हैं, BJP पैदा कर रही विवाद

**एजेंसी । बेंगलुरु**

11 नवंबर को अपने पूर्व सहयोगी और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी पर विवादित टिप्पणी करने वाले कर्नाटक के कैबिनेट मंत्री बी. जेड जमीर अहमद खान ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी और बताया कि उन्होंने क्यों केंद्रीय मंत्री पर ऐसी टिप्पणी की थी। अपने सफाई में कर्नाटक के मंत्री ने कहा कि, वो उन्हें प्यार से कालिया कहते हैं, पहले जब दोनों नेता जेडीएस थे, क्योंकि वो भी उनको प्यार से कुल्ला (बौना) कहते थे। जमीर अहमद खान ने कहा, ये पहली बार नहीं है जब उन्होंने एच डी कुमारस्वामी को कालिया कहा हो।



**किसी को तकलीफ हुई तो मैं माफी मांगता हूं : जमीर**

जमीर अहमद खान ने कहा, अगर मैंने उन्हें पहली बार इस तरह के शब्द का इस्तेमाल करके बुलाया होता, तो मैं माफी मांगता, प्यार से वे मुझे 'कुल्ला' (बौना) कहते थे, मैं उन्हें करियाना (काला भाई) कहता था। अगर फिर भी उन्हें या किसी को इससे तकलीफ हुई है, तो मैं माफी मांगता हूं।

### एचडी कुमारस्वामी के करीबी थे जमीर अहमद खान

कांग्रेस नेता ने अपने सफाई में बार-बार यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि उन्होंने पहले भी कुमारस्वामी को इस तरह से संबोधित किया था, जब उनके बीच अच्छी बॉन्डिंग थी, और यह पहली बार नहीं है। मंत्री जमीर अहमद खान पहले जेडी(एस) में थे, और उन्हें एचडी कुमारस्वामी का करीबी सहयोगी माना जाता था, जो उस समय मुख्यमंत्री के रूप में काम कर चुके थे।

### विधानसभा उपचुनाव पर नहीं पड़ेगा असर?

मैसूर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा- मैं उन्हें शुरू से ही प्यार से ऐसे बुलाता था, आज से नहीं। वहीं यह पूछे जाने पर कि क्या उनके बयानों का चन्नपटना में विधानसभा उपचुनावों पर असर पड़ेगा, इस पर मंत्री ने कहा: 'इसका असर क्यों पड़ेगा? मैंने पहली बार इस तरह से नहीं बुलाया है। जब कुमारस्वामी और मैं करीब थे, तो हम दोनों एक-दूसरे पर प्यार से कई टिप्पणियां करते थे। अगर जेडी(एस) कार्यकर्ताओं को इससे तकलीफ हुई है, तो मैं माफी मांगता हूं। बता दें कि इस मामले में जेडी(एस) और भाजपा ने मांग की थी कि कांग्रेस सरकार खान को उनके 'नस्लवादी अपशब्द' के लिए मंत्रिमंडल से बर्खास्त करे।

# केरल में IAS अफसर ने वॉट्सऐप पर बनाया हिंदू-मुस्लिम ग्रुप

## फोन हैक होने का दावा जांच में गलत मिला, राज्य सरकार ने किया सस्पेंड



**एजेंसी । तिरुवनंतपुरम**

केरल सरकार ने 11 नवंबर को दो सीनियर IAS अफसरों को सस्पेंड कर दिया। उन पर सर्विस नियमों का पालन नहीं करने और अनुशासन उल्लंघन का आरोप है। एक अधिकारी का नाम के. गोपालकृष्णन और दूसरे का एन. प्रशांत है।

### ग्रुप्स में कई सीनियर अधिकारियों को एड किया

गोपालकृष्णन पर आरोप है कि 30 अक्टूबर को उन्होंने दो वॉट्सऐप ग्रुप बनाए, इनके एडमिन वही थे। मल्लू हिंदू ऑफिसर्स नाम के ग्रुप में हिंदू अफसरों को जोड़ा गया और मल्लू मुस्लिम ऑफिसर्स ग्रुप में मुस्लिम अफसरों को जोड़ा गया था। दोनों ही ग्रुप्स में कई सीनियर अधिकारियों को एड किया गया था।

### फोन हैक होने का दावा

गोपालकृष्णन के खिलाफ इन ग्रुप में शामिल अफसरों ने ही इस संबंध में सीनियर अधिकारियों से शिकायत की। मामला सामने आने पर गोपालकृष्णन ने अपना फोन हैक होने और धर्म आधारित वॉट्सऐप ग्रुप बनाए जाने की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई। मामले की इन्वेस्टिगेशन के दौरान पुलिस ने पाया कि गोपालकृष्णन ने जांच के लिए अपना फोन जमा कराने से पहले कई बार फैक्ट्री रीसेट किया था, इस कारण मोबाइल का डेटा डिलीट हो गया। ऐसे में फोन हैक होने का दावा गलत निकला।

# लोकसभा चुनाव में ही निकल गई 'गारंटी की हवा : कांग्रेस

**एजेंसी । रांची**



कांग्रेस ने झारखंड के लिए भाजपा द्वारा किए गए वादों पर निशाना साधा। पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद मोदी की गारंटी वाले प्रचार अभियान की हवा निकल गई थी। 13 और 20 नवंबर को झारखंड की जनता बची-खुची कसर भी पूरी कर देगी।

### रमेश ने परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति भी बताई

रमेश ने भाजपा द्वारा किए कुछ वादे गिनाये और उन परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति भी बताई। कहा, कोडरमा में 70 एकड़ भूमि पर मेडिकल कॉलेज बनाया जाना था। 2018 में इसकी आधारशिला रखी गई थी, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। 2014 के विधानसभा चुनाव में एक आईटी संस्थान और कई इंजीनियरिंग कॉलेजों सहित विभिन्न औद्योगिक एवं शैक्षिक प्रोजेक्ट्स के वादे किए गए थे। लेकिन, अब तक केवल दो संस्थान ही स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने रेल परियोजनाओं, बांध और हवाई अड्डों के निर्माण में लेटलतीफी का मुद्दा उठाया।

# अब गलत रिफंड का दावा करने वालों की खैर नहीं

## आयकर विभाग ने जारी किया नोटिस

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने फर्जी रिफंड दावों पर निशाना साधा है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक, आयकर विभाग ने ऐसे कई करदाताओं को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने गलत रिफंड का दावा किया है। लोगों ने कहा कि विभाग ने विशेष रूप से बेईमान व्यक्तियों से संदिग्ध कर रिटर्न और रिफंड दावों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है। लोगों ने एनडीटीवी प्रॉफिट को बताया कि विभाग ने चार्टर्ड अकाउंटेंट और एजेंसियों को लक्षित किया है जो बड़े रिफंड का वादा करते हैं, अक्सर धोखाधड़ी वाले तरीकों का इस्तेमाल करते हुए, उन्होंने कहा कि कई रिफंड दावों में फर्जी खर्च, विकलांगता और चिकित्सा दावे शामिल हैं।




### देश भर के करदाता हैं शामिल

लोगों ने कहा कि नोटिस साल 2021-22 और 2022-23 में हुई धोखाधड़ी के लिए जारी किए गए हैं, जिसमें देश भर के करदाताओं को शामिल किया गया है। लोगों ने कहा कि गुरुग्राम, गाजियाबाद, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में बड़े मामले सामने आए हैं, आयकर विभाग बड़े टैक्स रिफंड दावों की बारीकी से निगरानी कर रहा है।

# 8-10 जनवरी 2025 तक मनाया जाएगा 18वां प्रवासी भारतीय दिवस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के लिए वेबसाइट लॉन्च के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, हम 8-10 जनवरी 2025 तक भुवनेश्वर में ओडिशा सरकार के साथ 18वें प्रवासी भारतीय दिवस की सह-मेजबानी करेंगे। इस दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आगे कहा, भारत सरकार ने हमेशा दुनिया भर में भारतीय प्रवासियों की भलाई को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के दौरान प्रवासी भारतीयों के साथ नियमित बातचीत और इस तरह के आयोजनों में हमारे प्रवासी भारतीयों की तरफ से प्रदर्शित जबरदस्त समर्थन भारत और उसके वैश्विक समुदाय के बीच मजबूत बंधन का प्रमाण है।

# अवैध रेत खनन मामले में एक्शन में ईडी


**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध रेत खनन और बिक्री से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 29 अक्टूबर 2024 को पटना की विशेष अदालत में तीन आरोपियों पुंज कुमार सिंह, अशोक कुमार और सुदामा कुमार के खिलाफ पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। अदालत ने 11 नवंबर 2024 को इस शिकायत का संज्ञान लिया है। बता दें कि इस मामले में ईडी द्वारा पहली अभियोजन शिकायत 10 नवंबर 2023 को दायर की गई थी।

**दोपहर एंकर** शरीर के सूक्ष्मजीवों से लोकेशन का चलेगा पता, किसी व्यक्ति की लोकेशन जानने के लिए अब नहीं रहेगी जीपीएस की जरूरत

# नया एआई टूल बैक्टीरिया-कवक के नमूनों का उपयोग कर जीपीएस की तरह काम करने में सक्षम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

किसी व्यक्ति की लोकेशन जानने के लिए अब जीपीएस की जरूरत नहीं रहेगी। वातावरण के हिसाब से शरीर पर मौजूद रहने वाले सूक्ष्मजीव (जैसे बैक्टीरिया, कवक) जीपीएस की भूमिका निभाएंगे। वैज्ञानिकों ने इसके लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है। यह सूक्ष्मजीवों के नमूनों का उपयोग कर लोकेशन की जानकारी दे सकता है। जीनोम बायोलॉजी एंड इवोल्यूशन में प्रकाशित एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है।



### स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों ने शोध

स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों ने पाया, शरीर पर सूक्ष्मजीव वातावरण और जगह के अनुसार बदलते रहते हैं। एआई टूल से पता लग सकता है कि ये सूक्ष्मजीव किस प्रकार की भौगोलिक स्थिति में पाए जाते हैं। इस तरह पता चल जाएगा कि कोई व्यक्ति किस जगह पर है। यह बता सकता है कि व्यक्ति समुद्र तट पर है, पास के रेलवे स्टेशन पर या होटल-पार्क में टहल रहा है। यह किसी व्यक्ति के हाल के लोकेशन का पता लगाने में मदद करता है। हालांकि, इसका इस्तेमाल करने के लिए विशेष प्रकार के गैजेट की जरूरत होगी। वैज्ञानिकों ने कहा है कि भविष्य में इसका इस्तेमाल मोबाइल से भी संभव हो सकेगा। मोबाइल स्क्रीन में बदलाव किया जाएगा। स्क्रीन उंगली पर मौजूद सूक्ष्मजीवों की पहचान करने में सक्षम हो सकेगी।

### एम-जीपीएस तकनीक पर करता है काम

शोधकर्ताओं ने एक नई तकनीक विकसित की है, जिसे माइक्रोबायोम-जियोग्राफिकल पॉपुलेशन स्ट्रक्चर (एम-जीपीएस) कहा जाता है। यह तकनीक किसी क्षेत्र के सूक्ष्मजीवों की पहचान करके उस स्थान का विश्लेषण करती है। यह पारंपरिक जीपीएस सिस्टम से अलग है। माइक्रोबायोम का अर्थ समुद्र तट या पार्क जैसे क्षेत्र में मौजूद सभी सूक्ष्मजीवों से है। इस तकनीक का विकास इन्हीं सूक्ष्मजीवों पर आधारित है।



### शानदार रहा प्रदर्शन

- एआई टूल ने 92 प्रतिशत शहरी नमूनों के लिए सही शहर को पहचानने में सफलता पाई।
- न्यूयॉर्क, हांगकांग और लंदन के नमूनों पर एआई को और अधिक चुनौती दी गई जिसमें कामयाब रहा।
- हांगकांग में एआई ने दो सबवे स्टेशनों के बीच केवल 564 फीट की दूरी पर अंतर किया।
- न्यूयॉर्क में यह एक मीटर से भी कम दूरी पर विभिन्न स्थानों का फर्क पहचान सकता था।

### बीमारी फैलने से रोकने, आपराधिक जांच में मददगार

प्रमुख शोधकर्ता एरन एल्हाइक ने बताया, सूक्ष्मजीव समय-समय पर बदलते रहते हैं। खासकर जब हम अलग-अलग स्थानों पर जाते हैं। उन्होंने कहा, यह तकनीक हमें यह समझने में मदद कर सकती है कि सूक्ष्मजीव हाल ही में कहां थे, जिससे हम बीमारी के फैलाव, संक्रमण के स्रोत और सूक्ष्मजीव प्रतिरोध के विकास का पता लगा सकते हैं। इसके अलावा, तकनीक आपराधिक जांच में भी मदद कर सकती है।

### टूल को इस तरह किया प्रशिक्षित

शोधकर्ताओं ने एआई टूल को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न स्थानों से माइक्रोबायोम डाटा का उपयोग किया। 53 शहरों से सबवे और शहरी वातावरण के नमूने, 18 देशों से 237 मिट्टी के नमूने और नौ जल निकायों से 131 समुद्री नमूने लिए गए। शोधकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने इन नमूनों के विश्लेषण के बाद एक एआई मॉडल तैयार किया, जो माइक्रोबायोम नमूनों की मूल लोकेशन को सटीक रूप से पहचानने में सक्षम है।

**खबर संक्षेप**

### 14 नवम्बर को बिहार कैबिनेट की अहम बैठक

पटना। बिहार के CM नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बिहार कैबिनेट की बैठक 14 नवम्बर को सुबह साढ़े 11 बजे मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में होगी। यह बैठक बिहार उपचुनाव के मतदान के बाद मंत्रियों की पहली विशेष बैठक होगी, जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा और निर्णय लिया जा सकता है। कैबिनेट सचिवालय ने इस संबंध में सभी मंत्रियों को सूचना भेज दी है, और इस बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कई अहम फैसलों पर मुहर लगा सकते हैं। 22 अक्टूबर को सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में 25 एजेंडों पर फैसला लिया गया था। इसमें पटना के राजेंद्र नगर स्थित मोइनुलहक स्टेडियम के पुनर्निर्माण और होमगार्ड के जवानों को राहत देने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी। राजेंद्र नगर स्थित मोइनुलहक स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) को लीज पर देने का निर्णय लिया गया था इसके अलावा होमगार्ड के जवानों को बिहार पुलिस के कर्मियों के समान अवकाश के दिनों में काम करने पर अतिरिक्त वेतन और 20 दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश देने की घोषणा की गई थी। 22 अक्टूबर को सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में 25 एजेंडों पर फैसला लिया गया था।

### 1.37 करोड़ वोटर 683 उम्मीदवारों के भाग्य का करेंगे फैसला

रांची। झारखंड के 15 जिलों की 43 विधानसभा सीटों पर वोटिंग कल 7 बजे शुरू हो जाएगी। 1.37 करोड़ मतदाता 73 महिला और एक किन्नर समेत 683 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। पहले चरण में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और झामुमो-कांग्रेस के कई मंत्रियों समेत 683 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में लॉक हो जाएगी। आयोग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मतदानकर्मियों को बूथ तक पहुंचा दिया गया है। 981 बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी। शेष क्षेत्र में जब तक वोटर कतार में रहेंगे, वोटिंग होगी।

### वोट से पहले भाजपा नेता गिचू अग्रवाल गिरफ्तार

जमशेदपुर। झारखंड में वोट से एक दिन पहले जमशेदपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता गिचू अग्रवाल को कदमा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। भाजपा नेता की गिरफ्तारी के बाद ही प्रदर्शन शुरू हो गए। जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे एनडीए प्रत्याशी सरयू राय सैकड़ों समर्थकों के साथ धरना पर बैठ गए। सरयू राय ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी और जमशेदपुर की पुलिस स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के समर्थक के रूप में काम कर रही है।

ताईक्वांडो खिलाड़ी हत्याकांड

# एसपी का चला चाबुक

- दो पुलिसकर्मियों पर की बड़ी कार्रवाई
- पांच थानों पर नए प्रभारी किये तैनात

**एजेंसी । जौनपुर**

पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने सोमवार की रात में पुलिस प्रशासन में एक बार फिर फेरबदल किया। लाइन बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे व थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर राजाराम द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। दो पुलिस चौकी प्रभारियों का रुतबा बढ़ाकर थानाध्यक्ष बना दिया। इस फेरबदल में पांच थानों के प्रभारी बदल गए हैं। जिला स्तरीय पुलिस स्थापना समिति के सदस्यों से विचार-विमर्श के बाद केराकत कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह को लाइन बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक और मीडिया सेल प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय को केराकत कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक तैनात कर दिया। थानाध्यक्ष सरायख्वाजा एसआई मनोज कुमार सिंह को थानाध्यक्ष सरपतहां बना दिया। एसआई अरविंद कुमार सिंह को दो दिन पूर्व लाइन हाजिर किए जाने के बाद से यह पद रिक्त था। दो उप निरीक्षकों का रुतबा बढ़ा दिया। शहर कोतवाली की सरायपोख्ता पुलिस चौकी प्रभारी फूलचंद पांडेय को थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर जबकि पुरानी बाजार पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह थानाध्यक्ष बक्शा बना दिया।

**ताईक्वांडो खिलाड़ी हत्याकांड में राजाराम द्विवेदी पर गिरी गाज**



बक्शा थाना प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह को प्रभारी जन सूचना सेल तैनात किया है। ऐसा माना जा रहा है कि कबीरुद्दीनपुर गांव में 30 अक्टूबर को 17 वर्षीय ताईक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव उर्फ छोटू की तलवार से सिर, धड़ से अलग कर देने की नृशंस हत्याकांड में उदासीनता बरतने के चलते गौराबादशाहपुर के थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी पर गाज गिरी है, जबकि लाइन बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे की कार्यप्रणाली को लेकर काफी नाराज चल रहे पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर किए जाने से कुछ ही घंटे पूर्व शाम को ही उन्हें फोन पर फटकार लगाई थी।

## उन्नाव के लिए योगी सरकार ने खोला पिटारा

**17 ब्रिजों के निर्माण को दी मंजूरी**

**एजेंसी । उन्नाव**



जनपद की छह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15 लाख आबादी को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। शासन ने छह विधानसभा के अंतर्गत कुल 17 लघु सेतु व पहुंच मार्ग निर्माण के लिए बजट जारी किया है। कुल 17.38 करोड़ रुपए के बजट से इन लघु सेतुओं का निर्माण लोक निर्माण विभाग करवाएगा। बनने वाले लघु सेतुओं में सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बसधना से माना बंगला छह मीटर स्पान व पहुंच मार्ग निर्माण पर 60 लाख रुपए, बरबट से राजेपुर पतारी के मध्य 18 मीटर लघु सेतु व पहुंच मार्ग लागत 93 लाख, बिलग्राम उन्नाव प्रयागराज मार्ग पर कब्बा खेड़ा नाला पर लघु सेतु, लागत 1.06 करोड़ खर्च होंगे। वहीं पुरवा विधानसभा में हिलौली भवानी गंज पिपरी जोरावर गंज से दिर्गनखेड़ा पांच मीटर का लघु सेतु, लागत 1.01 करोड़, खेरवा संपर्क मार्ग में 4.5 मीटर लंबा लघु सेतु व पहुंच मार्ग, लागत 63 लाख, अहमदाबाद ग्रंट में स्थानीय नाले पर आठ मीटर लघु सेतु निर्माण में 52 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। बांगरमऊ विधानसभा में कटरी गदनपुर आहार संपर्क मार्ग पर 12 मीटर का लघु सेतु व पहुंच मार्ग, लागत 1.03 करोड़, किशनपुर टेढ़वा संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण 25 लाख रुपए से, अलीगंज संपर्क मार्ग पर में उदशाह रसूलाबाद रजबहा पर छह मीटर स्पान निर्माण लागत 43 लाख रुपए से करवाया जाएगा।

## घर में घुसकर महिला दरोगा ने की मारपीट

**एजेंसी । सासाराम**

शहर के गौरक्षणी मुहल्ले में एक महिला दारोगा द्वारा घर में घुसकर महिला के साथ पिटाई करने का वीडियो इन दिनों तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला दारोगा सासाराम के नगर थाने में तैनात श्वेता सिन्हा बतायी जा रही हैं। हालांकि, प्रभात खबर इस वीडियो के कंटेंट की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन, यह चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, विगत रविवार को गौरक्षणी मुहल्ले में हुई फायरिंग को लेकर आरोपित के घर पुलिस टीम जांच करने गौरक्षणी पहुंची थी। इस दौरान पूछताछ के क्रम में महिला दारोगा श्वेता सिन्हा द्वारा छोटे-छोटे बच्चों के सामने ही उनकी मां की पिटाई की जा रही है। इससे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, पिटाई के दौरान महिला द्वारा कहते हुए सुना जा रहा है कि अगर वह किसी मामले में दोषी है, तो उसे थाना ले जाया जाये, लेकिन मारपीट नहीं की जाये। बावजूद इसके वीडियो में महिला दारोगा अपनी दबंगई दिखाते हुए महिला की दनादन पिटाई करती हुई दिख रही है।

## प्रधानाचार्य को शिक्षिका ने पीटा

**एजेंसी । गोरखपुर**



कोतवाली इलाके के इमामबाड़ा मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य नाहिद आसिम को उनके केबिन में घुसकर वहां पढ़ाने वाली शिक्षिका ने पीट दिया। प्रधानाचार्य की तहरीर पर कोतवाली थाने में शिक्षिका आयशा हक पर मारपीट करने का केस दर्ज किया गया है।

**कोतवाली थाने में तहरीर**

प्रधानाचार्य नाहिद आसिम पत्नी जुल्फेकार अहमद ने कोतवाली थाने में तहरीर देकर बताया कि सोमवार को सुबह 9:50 बजे मैं स्कूल में थी, तभी मेरे कक्ष में विद्यालय की शिक्षिका आयशा हक बाहरी महिला के साथ मेरे कक्ष में आई। मैंने उससे आने की वजह पूछी तो, वह मुझे गाली देने लगी। अभी मैं कुछ समझ पाती वो मेरे पास आकर मेरा हाथ मरोड़कर मारना शुरू कर दी। कक्ष में शोर मचाकर किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर बाहर भागी। कई लोगों ने आकर बीच बचाव किया। शिक्षिका ने गैर कानूनी कार्य किया, कक्षा संचालन में बाधा पहुंचाई। बिना अनुमति के बाहरी महिलाओं को बुलाकर विद्यालय का वातावरण को अशांत कर दिया। शिक्षिका ने धमकी दी कि उसके घर वाले गुंडे व अपराधी किस्म के हैं, वे पूरे परिवार को जान से मार देंगे। कोतवाली पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## चार महीने से नहीं मिला मानदेय फूटा मनरेगा कर्मचारियों का गुस्सा

**एजेंसी । सोनभद्र**

मनरेगा कर्मचारी महासंघ के कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अपनी मांग रखी। इसके साथ ही समस्याओं के निदान की बात कही। जिलाध्यक्ष विनय पाण्डेय के नेतृत्व में मनरेगा कर्मचारियों ने ज्ञापन में कहा कि दीपावली और छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों पर भी उन्हें मानदेय न मिल पाने से उत्सव का माहौल फीका रहा। कर्मचारियों का कहना है कि मानदेय न मिलने के कारण उन्हें बच्चों की फीस, माता-पिता की दवा और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

**मनरेगा कर्मचारी भूखमरी की स्थिति में**



आर्थिक तंगी के कारण मनरेगा कर्मचारी भूखमरी की स्थिति में आ गए हैं। कार्यालय आने-जाने में भी उन्हें कठिनाई हो रही है, जबकि कार्य को लेकर शासन का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि 2015 से कर्मचारियों का ईपीएफ काटा जा रहा है, लेकिन अभी तक यह राशि पूरी तरह से खातों में जमा नहीं की गई है। इससे दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारियों के परिवार को लाभ से वंचित रहना पड़ता है, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ रही है। मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विनय मिश्रा ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वे कलम बंद हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे।

## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार

**एजेंसी । बरेली**

बरेली में विजिलेंस टीम ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक मोहमद आसिफ को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उसने मदरसे को दूसरी जगह स्थानांतरित करने का प्रस्ताव पास कराने के एवज में मदरसा संचालक से रिश्वत ली थी। विकास भवन स्थित दफ्तर में मंगलवार को उसने रिश्वत की पहली किस्त ली। इसी दौरान विजिलेंस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बहेड़ी के रजपुरा स्थित मदरसा मंजूरिया अख्तरुल उलूम प्रबंधन ने विजिलेंस में शिकायत दर्ज कराई थी कि मदरसा को गांव बसुधरन जागीर में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव पास करने के नाम पर अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। कार्यालय का वरिष्ठ सहायक वक्फ मोहम्मद आसिफ ने यह रकम मांगी थी। बाद में वरिष्ठ सहायक रिश्वत की रकम किस्तों में लेने को तैयार हो गया। उसने पहली किश्त के तौर पर 18 हजार रुपये लिए। उसी वक्त विजिलेंस टीम ने विकास भवन स्थित दफ्तर से आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## वोट के लिए नोट बांटते पकड़ा गया राजद कार्यकर्ता

**एजेंसी । बेलागंज**

बेलागंज विधानसभा में बुधवार को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार का शोर सोमवार को थम गया, लेकिन इसके बाद भी मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशें जारी हैं। विधानसभा क्षेत्र के मेन थाना अंतर्गत कोइरीबिगहा गांव में मंगलवार की सुबह-सुबह कुछ राजद कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच पैसा बांट रहे थे, जिन्हें ग्रामीणों ने पकड़ लिया। हालांकि, तीन लोगों में से ग्रामीण सिर्फ एक को ही पकड़ पाए और दो लोग भागने में सफल रहे।



पकड़ा गया व्यक्ति राजद का पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव बताया जा रहा है। नोट बांटने वालों में आरजेडी के कोरमथु पंचायत अध्यक्ष के पकड़े जाने के बाद गांव में हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया है।

# व्यापार जगत

# बाजार में गिरावट से निवेशकों के 5.29 लाख करोड़ रुपए डूबे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

शेयर बाजार में तेज गिरावट के चलते मंगलवार को निवेशकों के 5.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए। इस दौरान सेंसेक्स 800 अंक से अधिक गिर गया। कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों, विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहने और एशियाई तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुझान से स्थानीय बाजारों में कमजोरी आई। सेंसेक्स 820.97 अंक गिरकर 78,675.18 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 948.31 अंक या 1.19 प्रतिशत गिरकर 78,547.84 पर आ गया था। निफ्टी 257.85 अंक की गिरावट के साथ 23,883.45 अंक पर बंद हुआ।

**बाजार में गिरावट के लिए दो कारक**



जानकारों के मुताबिक बाजार में गिरावट के लिए दो कारक काम कर रहे हैं। पहला, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही बिकवाली और दूसरा, घरेलू संस्थागत निवेशक द्वारा निरंतर की जा रही खरीदारी। इसकी खरीदारी ने बाजार में गिरावट को कुछ थामने में मदद की है। आने वाले दिनों में बाजार का रुख कैसा रहेगा यह इन दो कारकों पर निर्भर करेगा।

**स्मॉलकैप सूचकांक में 1.26 प्रतिशत और मिडकैप में 0.98 प्रतिशत की गिरावट**

बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.26 प्रतिशत और मिडकैप में 0.98 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार सूचकांकों की बात करें तो बिजली में 2.79 प्रतिशत, उपयोगिताओं में 2.20 प्रतिशत, पूंजीगत सामान में 2.14 प्रतिशत, वाहन में 1.95 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पादों में 1.82 प्रतिशत और धातु में 1.52 प्रतिशत की गिरावट हुई।

## हुंडई इंडिया का दूसरी तिमाही में मुनाफा 16% कम हुआ

**एजेंसी । मुंबई**

ऑटोमोबाईल कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 1,375 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट हुआ है। सालाना आधार पर यह 16.5% कम हुआ है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 1,628 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। BSE-NSE पर लिस्ट होने के बाद हुंडई इंडिया ने पहली बार तिमाही नतीजे जारी किए हैं। जुलाई-सितंबर तिमाही में ऑपरेशनल रेवेन्यू 17,260 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 18,639 करोड़ रुपए रहा था। सालाना आधार पर यह 7.39% कम हुआ है। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है। जुलाई-सितंबर तिमाही में हुंडई इंडिया की टोटल इनकम सालाना आधार पर 8.34% कम होकर 17,452 करोड़ रुपए रही। वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में कंपनी की टोटल इनकम 19,042 लाख करोड़ रुपए रही थी।



## सितंबर में औद्योगिक उत्पादन 3.1 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन की वजह से देश का औद्योगिक उत्पादन सितंबर में 3.1 प्रतिशत बढ़ा है। खनन, विनिर्माण और बिजली उत्पादन में सुधार से औद्योगिक उत्पादन बढ़ा है। सितंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रही थी। हालांकि, इस साल अगस्त में औद्योगिक उत्पादन में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी जिसकी मुख्य वजह देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ के कारण खनन कार्य प्रभावित होना था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर, 2024 में खनन क्षेत्र का उत्पादन 0.2 प्रतिशत, विनिर्माण उत्पादन 3.9 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 0.5 प्रतिशत बढ़ा। अगस्त में खनन क्षेत्र का उत्पादन 4.3 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 3.7 प्रतिशत घटा था, जबकि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर भी सिर्फ 1.1 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर चार प्रतिशत रही है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में इसमें 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। एनएसओ द्वारा जारी उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत वस्तु खंड की वृद्धि सितंबर 2024 में घटकर 2.8 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.4 प्रतिशत थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने इन आंकड़ों पर कहा कि अनुकूल आधार के बीच अगस्त, 2024 में 0.1 प्रतिशत की गिरावट के बाद सितंबर में औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## स्टारलिंक की भारत में एंट्री लगभग तय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इलॉन मस्क की सैटेलाइट ब्रॉडबैंड कंपनी स्टारलिंक जल्द ही भारत में इंटरनेट सर्विस प्रोवाइड करना शुरू कर सकती है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि हम किसी भी कंपनी को लाइसेंस देने के लिए तैयार हैं। सिंधिया ने कहा, 'स्टारलिंक हो या कोई अन्य कंपनी सभी को हमारे सिक्योरिटी और अन्य नियमों को मानने के लिए तैयार रहना होगा। लाइसेंस देना एक स्पेसिफिक प्रोसेस है, आपको सभी बॉक्स चेक करने होंगे। जब आप सभी बॉक्स चेक करते हैं, तो आपको लाइसेंस मिल जाता है। 'एक दिन पहले खबर आई थी कि टेलीकॉम डिपार्टमेंट के साथ मीटिंग में स्टारलिंक ने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विसेज लाइसेंस के लिए डेटा लोकलाइजेशन और सिक्योरिटी से जुड़े नियमों को मानने के लिए तैयार हो गई है। हालांकि कंपनी की ओर से इसके लिए अभी एग्रीमेंट दाखिल नहीं किया गया है। ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट सर्विसेज (GMPCS) लाइसेंस, सैटेलाइट इंटरनेट के सेटअप की दिशा में पहला कदम है। जिसके बाद मामूली ऐप्लिकेशन फीस देकर टेस्टिंग के लिए स्पेक्ट्रम हासिल किया जा सकता है। सिक्योरिटी से जुड़े नियमों के मुताबिक देश में काम कर रही सैटेलाइट कम्युनिकेशन कंपनी को पूरा डेटा देश के भीतर रखना अनिवार्य है। स्टारलिंक को भी यह बताने की जरूरत पड़ सकती है कि अगर इंटेलिजेंस एजेंसियों को जरूरत पड़ी तो उन्हें डेटा कैसे मिलेगा।



## सैजिलिटी इंडिया का शेयर 3.53% ऊपर ₹31.06 पर लिस्ट

**एजेंसी । मुंबई**

सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड का शेयर 12 नवंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर इश्यू प्राइस से 3.53% ऊपर 31.06 पर लिस्ट हुआ। इस इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग का इश्यू प्राइस 30 था। यह IPO 5 नवंबर से 7 नवंबर तक बोली लगाने के लिए ओपन था। तीन कारोबारी दिनों में IPO टोटल 3.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल कैटेगरी में 4.16 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) में 3.52 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) कैटगरी में 1.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था। हेल्थकेयर फोकस्ड सॉल्यूशंस और सर्विसेज मुहैया कराने वाली सैजिलिटी इंडिया का ये इश्यू टोटल 2,106.60 करोड़ का था। इसके लिए कंपनी के मौजूदा निवेशकों ने ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए पूरे 2,106.60 करोड़ के 702,199,262 शेयर बेचे। कंपनी ने एक भी फ्रेश शेयर इश्यू नहीं किए। सैजिलिटी इंडिया ने IPO का प्राइस बैंड 28 रुपए से 30 रुपए प्रति शेयर तय किया था। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 500 शेयर्स के लिए बोली लगा सकते थे। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 30 रुपए के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते, तो इसके लिए 15,000 रुपए लगाने होते।

## सोना ₹1,519 गिरकर ₹75,321 पर आया



**मुंबई।** सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1,519 रुपए गिरकर 75,321 रुपए पर आ गया। इससे पहले इसके दाम 76,840 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, चांदी की कीमत में भी गिरावट रही। ये 2,554 रुपए गिरकर 88,305 रुपए प्रति किलो हो गई।

**4 महानगरों में सोने की कीमत**

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,440 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,290 रुपए है।

कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 70,850 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,290 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,290 रुपए है।

दो बजे दोपहर



## टी-20 सीरीज

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा मुकाबला आज

संजू और तिलक को छोड़कर टीम इंडिया के अन्य बल्लेबाज रहे हैं नाकाम

# भारतीय शीर्षक्रम को दिखाना होगा दम

### नंबर गेम

- 8 विकेट सर्वाधिक सीरीज में अब तक 5.25 की इकोनॉमी से चटका चुके हैं वरुण
- 11 रन दूर हैं तिलक टी-20 में चार सौ रन पूरे करने से। वह 18 मैच में 389 रन बना चुके हैं
- 14 मैच दक्षिण अफ्रीका ने खेले हैं जिसमें से छह जीते और आठ में शिकस्त मिली है



एजेंसी । सेंचुरियन

युवा भारतीय टीम को अगर दक्षिण अफ्रीका पर बढ़त बनानी है तो बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में शीर्षक्रम को दम दिखाना होगा। बल्लेबाजों की नाकामी के चलते टीम को दूसरे मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। पहले मुकाबले में भी संजू सैमसन को छोड़कर ऊपरी क्रम के अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया था। सुपरस्पोर्ट पार्क की पिच भी गक्बेरहा की पिच की ही तरह तेज और उछाल भरी है। ऐसे में बल्लेबाजों को स्कोर बोर्ड पर रन टांगने होंगे।

### अभिषेक बढ़ा रहे चिंता

अभिषेक लगातार नाकाम हो रहे हैं। इसने टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। वह दो मैचों में 5.50 की औसत से मात्र 11 रन बना पाए हैं। इससे पहले कि टीम प्रबंधन संयोजन में बदलाव की सोचे उन्हें अच्छी पारी खेलनी होगी। अभी भी संजू सैमसन के साथ तिलक को पारी की शुरुआत करने उतारा जा सकता है। इससे रमनदीप सिंह मध्यक्रम में उतर सकते हैं ।

### सूर्य की चमक भी फीकी

कप्तान सूर्यकुमार की चमक भी फीकी पड़ती जा रही है। वह 12.50 की औसत से मात्र 25 रन बनाए पाए हैं। इस विस्फोटक बल्लेबाज के बल्ले से सिर्फ दो चौके और एक छक्का निकला है। उन्हें बड़ी पारी खेलकर साथियों को भी प्रेरित करना होगा।

### भुवी को पीछे छोड़ सकते हैं अर्शदीप

अर्शदीप फटाफट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। वह अब तक 58 मैचों में 8.32 की इकोनॉमी से 89 विकेट चटका चुके हैं। बुमराह के 70 मैचों में इतने ही विकेट हैं। अर्शदीप अगर दो विकेट चटका लेते हैं तो वह भुवनेश्वर कुमार (90) को पीछे छोड़ देंगे। युज्वेंद्रा चाहल (96) शीर्ष पर हैं।

### तिलक को खेलनी होगी बड़ी पारी

तिलक ने दोनों मैचों में आक्रामक पारियां खेली हैं पर वह छोटे स्कोर को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए रहे हैं। उन्हें अगर टीम में अपनी जगह बनानी है तो निरंतरता के साथ बड़ा स्कोर भी करना होगा। सिक्सर किंग रिंकू भी बेदम रहे हैं। वह रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। वहीं हार्दिक ने पिछले मैच में टीम के लिए सर्वाधिक 39 रन तो बनाए पर इसके लिए उन्होंने 45 गेंद खेल डाली। यहां तक तक पहला चौका जड़ने के लिए उन्हें 28 गेंद का इंतजार करना पड़ा। इन दोनों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### अर्शदीप की धार भी पड़ी कुंद

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की धार भी कुंद पड़ रही है। वह 33.00 की औसत से सिर्फ दो विकेट ले पाए हैं। दूसरे मैच में तो उन्होंने 41 रन लुटा दिए पर विकेट एक ही मिला। आवेश भी बेअसर रहे हैं। इन दोनों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा अन्यथा यश दयाल या विशाख विजयकुमार को मौका मिल सकता है। स्पिनर वरुण और बिश्नोई ने अपना काम बखूबी किया।

### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 29 |
| भारत जीता : | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका जीता : | 12 |
| बेनतीजा : | 1 |

### क्लासेन और मिलर फ्लॉप

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्कराम, मिलर और क्लासेन अपनी ख्याति के अनुरूप नहीं खेल पाए हैं। यह सभी फ्लॉप रहे हैं। स्टब्स और गेराल्ड कोएत्जी ने दूसरे मैच में टीम को जीत दिलाई। अब अनुभवी बल्लेबाजों को जिम्मेदारी संभालनी होगी।

### वरुण की फिरकी का चल रहा जादू

कर्नाटक के 33 वर्षीय वरुण चक्रवर्ती अपनी बलखाती गेंदों में विरोधियों को फंसा रहे हैं। उन्होंने शुरुआत छह मैच में 66.00 की औसत से मात्र दो विकेट झटके थे। पर अक्तूबर में तीन साल बाद टीम इंडिया मे वापसी करने के बाद उनकी फिरकी का जादू खूब चल रहा है। दो माह में पांच मैचों में वरुण 8.84 की औसत और 5.75 की स्ट्राइक रेट से 13 विकेट चटका चुके हैं।

## नबी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे से लेंगे संन्यास

एजेंसी । शारजाह



अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे से संन्यास लेंगे। बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की वनडे सीरीज में 2-1 से जीत के बाद नबी ने सोमवार को यह घोषणा की। वह पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद से इस प्रारूप को अलविदा कहने पर विचार कर रहे थे। उन्होंने कहा, पिछले विश्व कप से मेरे दिमाग में था कि मैं संन्यास ले रहा हूं। इसके बाद हमने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैंने सोचा कि अगर मैं इसमें खेलता हूं तो शानदार होगा। नबी ने 2009 से 167 वनडे में 147 पारियों में 27.48 की औसत और 86.99 के स्ट्राइक रेट से 3,600 रन बनाए हैं।

## अंकिता ने क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



एजेंसी । ब्रिस्बेन

भारतीय टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने जापान की अपनी जोड़ी युकी नाइतो के साथ मिलकर आईटीएफ ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। चौथी वरीयता प्राप्त अंकिता-नाइतो ने भारत की वैदेही चौधरी और श्रीवल्ली रश्मिका की जोड़ी को तीन सेट में 4-6, 6-4, 10-7 से पराजित किया। अंकिता-नाइतो ने पहला सेट गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी कर अगले दोनों सेट जीते। अंकिता-नाइतो का सामना अब ऑस्ट्रेलिया की एलेक्जेंड्रा बोजोविक और पेट्रा हुले की जोड़ी से होगा।

### मुंबई के मैदानों से

### अंतिम चार में सुरज राठी

एजेंसी । मुंबई

एमएचसी बिलियड्‌र्स हॉल में खेले जा रहे 6-रेड मलबार हिल क्लब राज्य रैंकिंग स्नूकर प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में पुणे के सुरज राठी ने मुंबई के महेश जगदाले को 49-16, 11-36, 28-49, 60-8, 40-10, 32-44, 45-25, 28-19 से पराजित करके अंतिम चार में जगह बनाई। दूसरा क्वार्टरफाइनल मुंबई के ही अभिषेक बजाज और राहुल सचदेव के बीच खेला गया, जिसमें अभिषेक बजाज 14-40, 40-21, 39-45, 49-19, 42-38, 8-48, 0-44, 47(47)-0, 40-36 से बिजयी रहे।


### खुमायुं सुल्तानोव को पहली वरीयता

एजेंसी । मुंबई

उजबेकिस्तान के खुमायुं सुल्तानोव के एमएसएलटीए 25 हजार डॉलर पुरुष आटीएफ टेनिस प्रतियोगिता में पहली वरीयता दी गई है। इसके अलावा चेक गणराज्य के दलिबोर स्वर्चिना को दूसरी, भारत के रामकुमार रमनाथन (309) को तीसरी और शशिकुमार मुकुंद (365) को चौथी, युवा करण सिंह (521) को पांचवी और सिद्धार्थ विश्वकर्मा (601) छठीं वरीयता हासिल है।

## विश्व खिताब जीतने पर आडवाणी को प्रधानमंत्री की बधाई


एजेंसी । नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी को दोहा में आईबीएसएफ विश्व बिलियड्‌र्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक 28वां खिताब जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि भावी खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। आडवाणी ने शनिवार को इंग्लैंड के रॉबर्ट हाल को 4-2 से हराया था। मोदी ने एक्स पर लिखा, शानदार उपलब्धि। आपको बधाई। आपकी प्रतिबद्धता, लगन और समर्पण बेहतरीन है। आपने समय-समय पर दिखाया है कि उत्कृष्टता क्या होती है।

## बोपन्ना और एब्डेन पहले मैच में हारे

एजेंसी । तूरिन



भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी एटीपी फाइनल्स में ग्रुप चरण के पहले ही मैच में लगातार सेट में हार गई। बोपन्ना और एब्डेन को इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी ने सिर्फ 56 मिनट में 6-2, 6-3 से हरा दिया। पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में बोपन्ना और एब्डेन ने इसी जोड़ी को हराया था। इस साल बोपन्ना और एब्डेन की इस इतालवी जोड़ी के खिलाफ यह लगातार तीसरी हार है। अब वे बॉब ब्रायन ग्रुप में चौथे स्थान पर हैं।

## अभिनेत्री कस्तूरी शंकर लापता



'इंडियन' और 'अन्नामैया' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री कस्तूरी शंकर इन दिनों जबरदस्त चर्चा में हैं ।दरअसल, उन्होंने हाल ही में तेलुगु समुदाय के खिलाफ विवादित बयान दिया था, जिसके चलते लोगों में आक्रोश पैदा हो गया। कस्तूरी पर तेलुगु सुमदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। अभिनेत्री के खिलाफ चेन्नई में कई मामले दर्ज हैं। अब खबर आ रही है कि कस्तूरी लापता हो गई हैं।

### कस्तूरी का फोन भी बंद


चेन्नई पुलिस ने पूछताछ के लिए कस्तूरी को कानूनी नोटिस भी भेजा, लेकिन अभिनेत्री पुलिस के सामने पेश नहीं हुई। इसके बाद जब स्थानीय पुलिस कस्तूरी के घर पहुंची तो उनका घर बंद था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कस्तूरी फिलहाल लापता है। उनका फोन भी बंद है। एक कार्यक्रम में कस्तूरी ने कहा था, 'तेलुगु लोग उन वेश्याओं के वंशज हैं, जो प्राचीन काल में राजाओं की सेवा करती थीं।' इसके बाद कस्तूरी ने बयान जारी कर माफी मांगी थी।

## 'करण अर्जुन' का ट्रेलर आज होगा रिलीज


शाहरुख खान और सलमान खान की फिल्म 'करण अर्जुन' हिंदी सिनेमा की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 13 जनवरी, 1995 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। राकेश रोशन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राखी, ममता कुलकर्णी, काजोल और अमरीश पुरी जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। अब लगभग 30 साल बाद 'करण अर्जुन' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

### आज रिलीज होगा ट्रेलर

'करण अर्जुन' को 22 नवंबर, 2024 को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का नया ट्रेलर कल यानी 13 नवंबर को रिलीज होगा। राकेश ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, '30 साल बाद वापस आ रहे हैं करण अर्जुन। ट्रेलर कल आएगा। फिल्म 22 नवंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी।' 6 करोड़ रुपये की लागत में बनी 'करण अर्जुन' ने भारत में 25.29 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।



## 'कल हो ना हो' एक बार फिर सिनेमाघरों में हो रही रिलीज



निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'कल हो ना हो' को 28 नवंबर, 2003 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और इसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। इस फिल्म ने भारत में 38.55 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इसमें शाहरुख खान, सैफ अली खान, प्रीति जिंटा और जया बच्चन जैसे दिग्गज सितारों ने अभिनय किया था। अब लगभग 21 साल बाद 'कल हो ना हो' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

### धर्मा प्रोडक्शंस ने दी जानकारी

'कल हो ना हो' को 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। धर्मा प्रोडक्शंस ने इस खबर की जानकारी और लिखा, 'लाल अब सबके दिल का हाल है', होने वाला अब कमाल है। 'कल हो ना हो' 15 नवंबर को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।' यश जौहर इस फिल्म के निर्माता थे। राजपाल यादव और दारा सिंह भी फिल्म का हिस्सा थे, वहीं संजय कपूर, काजोल और रानी मुखर्जी का इसमें कैमियो था।

## 'सिंघम अगेन': दीपिका पादुकोण के किरदार पर बनेगी अलग फिल्म

रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सिंघम अगेन' इन दिनों सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है। इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। अब इस बीच रोहित ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है। दरअसल, रोहित अब लेडी कॉप यूनिवर्स पर फिल्म बनाने वाले हैं और लीड रोल दीपिका पादुकोण का होगा। 'सिंघम अगेन' के ही दीपिका के किरदार पर फिल्म बनेगी।

'सिंघम अगेन' में रोहित ने 'लेडी सिंघम' से दर्शकों को रूबरू कराया है। यह किरदार दीपिका ने निभाया है। अब निर्देशक इस किरदार पर एक अलग फिल्म बना रहे हैं। उन्होंने खुद इसकी पुष्टि की है। रोहित ने कहा, 'हमें सही स्क्रिप्ट और दमदार किरदार का इंतजार था। साल 2018 तक मुझे ये भी नहीं पता था कि पुलिस की दुनिया का विस्तार होगा या नहीं।' रोहित ने दीपिका के किरदार को लेकर कहा, 'मुझे अभी दीपिका के किरदार को और विकसित करना है और ऐसा निशिचत रूप से होगा। अभी हम कहानी लिख रहे हैं। हमारे दिमाग में इस फिल्म का कॉन्सेप्ट तो है, लेकिन इसे किस दिशा में ले जाना है, इस पर अभी काम जारी है।' बता दें कि 'सिंघम अगेन' साल 2011 में आई फिल्म 'सिंघम' की तीसरी कड़ी है, वहीं इस फिल्म का सीक्वल साल 2014 में आया था।



## दिनेश विजान की फिल्म के हीरो बने विक्की कौशल

पिछली बार विक्की कौशल को फिल्म 'बैड न्यूज' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। अब विक्की जल्द फिल्म 'छावा' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे। यह फिल्म 6 दिसंबर,2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इसके अलावा विक्की इन दिनों फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब खबर आ रही है कि विक्की ने अपनी आगामी फिल्म के लिए निर्माता दिनेश विजान के साथ हाथ मिलाया है।

### विक्की और विजान ने तीसरी बार मिलाया हाथ

एक रिपोर्ट के मुताबिक, विजान ने अपनी आगामी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए विक्की से संपर्क किया है और इस फिल्म के लिए हामी भर दी है। विक्की को फिल्म की स्क्रिप्ट भी पसंद आ गई है। यह भारतीय पौराणिक कथाओं की पृष्ठभूमि पर आधारित एक बड़ी फीचर फिल्म होगी। 'जरा हटके जरा बचके' और 'छावा' के बाद विजान और विक्की के बीच यह तीसरा सहयोग होगा, जिसे लेकर अभिनेता के प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट में दावा किया है कि विक्की 'लव एंड वॉर' की शूटिंग खत्म करने के बाद विजान की फिल्म पर काम शुरू करने वाले हैं। फिल्म के लिए प्री-प्रोडक्शन का काम अगले साल की शुरुआत में शुरू होगा। कहा जा रहा है कि यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

# सीट वॉर



» दीपक पवार

## धाराशिव में 'महायुति' का पलड़ा भारी



महाराष्ट्र की धाराशिव विधानसभा में मुख्य मुकाबला शिवसेना के दोनों गुटों के बीच ही होने की संभावना है। अंतिम दिन बगावतियों को मनाने में महायुति को सफलता मिली है। अब इस क्षेत्र में शिवसेना के अजित पिंगले और ठाकरे गुट के उम्मीदवार कैलास घाडगे पाटिल के बीच मुख्य मुकाबला होगा। महायुति सरकार के विकास कार्यों की वजह से इस बार घाडगे के लिए चुनाव मुश्किल हो सकते हैं।

### बदले सियासी समीकरण

उद्धव ठाकरे गुट से धाराशिव के पूर्व नगराध्यक्ष मकरंद राजेनिंबालकर उम्मीदवार थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने निर्दलीय चुनावी पर्चा दाखिल किया था। अर्ज माघारी के अंतिम दिन उन्होंने अपना पर्चा वापस ले लिया। इसके अलावा महाविकास आघाडी के शरद पवार गुट के डॉ. प्रतापसिंह पाटील और संजय निंबाळकर ने भी निर्दलीय पर्चे दाखिल किए थे, लेकिन वे भी अंतिम समय में अपने पर्चे वापस ले चुके हैं।

### अजित पिंगले का पलड़ा भारी

अजित पिंगले के पक्ष में माहौल बना, उनके विरोधी शिवसेना के सुरज साळुंके, सुधीर पाटील और शिवाजी कापसे ने भी निर्दलीय पर्चे दाखिल किए थे, लेकिन महायुति ने इनकी समझाइश की और तीनों ने अपने पर्चे वापस लेकर पिंगले को अपना समर्थन देने की घोषणा की। अब इस चुनाव में शिवसेना, भाजपा, अजित पवार गुट की राष्ट्रवादी पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी भी पिंगले के प्रचार में जुट गई हैं। सभी पार्टियां मिलकर पिंगले का प्रचार कर रही हैं, जिससे उनका पलड़ा भारी होता दिख रहा है।




### लाडकी बहीण योजना की सफलता

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की धाराशिव सहित जिले के तीन स्थानों पर जनसभाएं हुई थी। इन सभाओं का आयोजन शिवसेना के जिलाध्यक्ष सुरज साळुंके, तुळजापूर के उम्मीदवार राणा जगजितसिंग और धाराशिव के उम्मीदवार अजित पिंगले ने किया। मुख्यमंत्री इस सभा में केवल विकास कार्यों पर बोले और महायुति सरकार द्वारा धाराशिव जिले में किए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। 'लाडकी बहिण योजना' जैसी योजनाओं को धाराशिव में शानदार प्रतिक्रिया मिली है, जिससे इस क्षेत्र में शिंदे गुट के उम्मीदवार का पलड़ा भारी होता दिख रहा है।

### विकास कार्य जारी रखा

पिंगले की उमेदवारी ने महायुति को मजबूत किया है, क्योंकि वे पहले शिवसैनिक रह चुके हैं और भाजपा में शामिल होने के बाद भी उन्होंने विकास कार्यों को जारी रखा। उनके अच्छे संबंध स्थानीय शिवसेना नेताओं और पालकमंत्री तानाजी सावंत के साथ हैं। कलंब तालुका में उन्हें पहले भी अच्छा मताधिकार मिला है। अब महायुति के तीनों प्रमुख दल एकजुट होकर उनके प्रचार में जुटे हैं, जिससे उनके जीतने की संभावना बढ़ गई है।

### धाराशिव जलापूर्ति योजना हो सकती है गेम चेंजर

धाराशिव शहर में पानी की समस्या हमेशा से रही है, और यहां पानी का आपूर्ति हर पांच-छह दिन में होती है। इस समस्या को हल करने के लिए महायुति सरकार ने 'अमृत-2 योजना' के तहत रुईभर और तेरणा डेम से इस क्षेत्र को जलापूर्ति करने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसके लिए 230 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है, जिससे धाराशिववासियों की पानी की समस्या हल होगी। यह मुद्दा चुनावी खेल को बदलने वाला हो सकता है।

### भूसंपादन के बाद रेलवे मार्ग के लिए सरकार का बड़ा बजट

सोलापूर-तुळजापूर-उस्मानाबाद रेलवे मार्ग के लिए भूसंपादन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और इस प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने 905 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इस मार्ग का निर्माण 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह प्रोजेक्ट महायुति के लिए अहम साबित हो सकता है।

### रास्तों और नालियों के निर्माण के लिए 140 करोड़ रुपये की मंजूरी

धाराशिव शहर में सड़क और नाली निर्माण के लिए महायुति सरकार ने 140 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इससे शहर की सड़कें बेहतर होंगी और सांडपानी की व्यवस्था भी सुधरेगी। पहले चरण में 140 करोड़ रुपये की राशि धाराशिव के लिए मंजूर की गई है, जबकि नळदूर्ग के लिए 97 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस मुद्दे पर भी आगामी चुनावों में चर्चा हो सकती है।

### कलंब के लिए भी 70 करोड़ रुपये का बजट

धाराशिव और कळंब में कई प्रमुख योजनाओं के लिए महायुति सरकार ने बड़े बजट की स्वीकृति दी है, जिसमें कलंब शहर के लिए 70 करोड़ रुपये का बजट शामिल है। इन योजनाओं में नए बस स्टैंड, कळंब नगर परिषद के लिए पानी आपूर्ति योजनाएं और धाराशिव में नए 500 बेड का अस्पताल भी शामिल है।


### निष्कर्ष

महायुति सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और हजारों लाभार्थियों की मदद के कारण अब पिंगले का चुनावी पलड़ा भारी होता दिख रहा है। इन योजनाओं का चुनावी प्रचार में महत्वपूर्ण स्थान रहेगा, जिससे अजित पिंगले की जीत की संभावना मजबूत होती जा रही है।

# शिवसेना में फूट, मनसे की वापसी और भाजपा के बढ़ते प्रभाव ने बिगाड़ा सियासी समीकरण



ग्राउंड रिपोर्ट
धीरज सिंह



ईशान्य लोकसभा क्षेत्र का भांडुप पश्चिम विधानसभा क्षेत्र हमेशा चर्चा में रहा है। मुंबई में कोकणी समुदाय का यह मतदाता क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। पहले यह चर्चा थी कि मनसे के युवा नेता अमित ठाकरे इस क्षेत्र से चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन बाद में उन्होंने भांडुप के बजाय माहिम क्षेत्र को चुना।








### दो शिवसेनाओं के बीच मुकाबलाव

अब भांडुप क्षेत्र में दो शिवसेनाओं के बीच मुकाबला है। शिवसेना (ठाकरे) गुट के उम्मीदवार वर्तमान विधायक रमेश कोरगावकर और शिवसेना (शिंदे) गुट के अशोक पाटील के बीच मुख्य मुकाबला होगा। पिछले दस वर्षों से शिवसेना के कब्जे में रहे इस क्षेत्र की गणित अब बदलती नजर आ रही है। शिवसेना में फूट, मनसे की वापसी और भाजपा का बढ़ता प्रभाव इस बार शिंदे गुट को फायदा पहुंचाता हुआ दिख रहा है।

### पूर्व और वर्तमान नेताओं के बीच मुकाबला

इस क्षेत्र में अभी शिवसेना (ठाकरे) गुट के रमेश कोरगावकर विधायक हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षों में बुनियादी समस्याओं को सुलझाने में उन्हें नाकामी मिली है। वहीं, शिवसेना (शिंदे) गुट के अशोक पाटील ने 2014 में इस क्षेत्र से विधायक रहते हुए कई मुद्दों को सुलझाया था, और उनके समर्थकों का कहना है कि उनके कार्यकाल में विकास हुआ था।

### मतों का बंटवारा और संभावित परिणाम

भांडुप पश्चिम में इस बार मुख्य मुकाबला दो पूर्व और वर्तमान विधायक के बीच होने वाला है, लेकिन इस बार 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। 2014 के चुनाव में शिवसेना (शिंदे) गुट के अशोक पाटील ने जीत हासिल की थी, और उस समय भाजपा के मनोज कोटक को 36 हजार वोटों से जीत मिली थी। अब महायुति में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) गुट और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार गुट) एकजुट हैं, जिससे महायुति को मजबूती मिल रही है। दूसरी ओर, ठाकरे गुट के उम्मीदवार रमेश कोरगावकर को मनसे के शिरिष सावंत से मतों का बंटवारा हो सकता है। वंचित बहुजन आघाडी के स्नेहल सोहनी, बसपा के रवि थाटे और कुछ अन्य स्वतंत्र उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में हैं। हालांकि, महायुति के एकजुट होने से इस बार चुनाव में उनकी जीत की संभावना ज्यादा जताई जा रही है।

### कैसी है इस बार की स्थिति?

इस विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,98,510 मतदाता हैं, जिनमें 1,68,234 पुरुष और 1,31,255 महिलाएं हैं। इस क्षेत्र में 70% मराठी भाषी लोग रहते हैं। साथ ही भांडुप में उत्तर भारतीय, दाक्षिणात्य, मुस्लिम, गुजराती और सिख समुदाय के लोग भी निवास करते हैं। यह क्षेत्र केवल राजनीतिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी केंद्र है। हालांकि, पिछले कई वर्षों से भांडुप विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी देखी गई है। यही कारण है कि इस बार महायुति के लिए यहां सकारात्मक माहौल होने की चर्चा है।

### मतदाताओं के मुद्दे और समस्याएं

भांडुप में कई बुनियादी सुविधाओं की कमी है। यहां के कई सड़कें संकीर्ण हैं, जिसके कारण अक्सर यातायात जाम की समस्या रहती है। इसके अलावा, भांडुप में एक भी सरकारी अस्पताल नहीं है, और बच्चों के लिए खेलकूद के मैदान, सांस्कृतिक केंद्र और नाट्यगृह जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। भांडुप में नाले का पुनर्निर्माण परियोजना अभी भी कागजों में है, और कचरे का निपटान भी सही तरीके से नहीं हो रहा है। बारिश के मौसम में गटर और गंदे रास्ते नागरिकों के लिए बड़ी समस्या बन जाते हैं। इसलिए, वर्तमान विधायक रमेश कोरगावकर के लिए इस बार चुनाव आसान नहीं माना जा रहा है।

### शिवसेना के लिए महत्वपूर्ण चुनौती, क्या होगी हैट्रिक?

भांडुप पश्चिम विधानसभा सीट महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से एक है, और यह ठाकरे गुट की शिवसेना के लिए एक अहम सीट मानी जाती है। पिछले 10 वर्षों से इस सीट पर शिवसेना की पकड़ मजबूत रही है। 2014 में शिवसेना के उम्मीदवार अशोक पाटिल ने यहां जीत हासिल की थी, जबकि 2019 में रमेश गजानन कोरगांवकर ने भी शिवसेना के लिए इस सीट पर जीत का झंडा गाड़ा था। अब सवाल यह है कि क्या इस बार भांडुप पश्चिम से शिवसेना की जीत की हैट्रिक हो पाएगी या फिर कोई नया समीकरण सामने आएगा।

### भांडुप पश्चिम का इतिहास और परिसीमन

2008 में परिसीमन के बाद यह सीट अस्तित्व में आई थी। इससे पहले इस सीट को ₹भांडुप विधानसभा₹ के नाम से जाना जाता था। परिसीमन के बाद, इसमें कुछ नए इलाकों को जोड़कर भांडुप पश्चिम विधानसभा सीट बनाई गई। इस बदलाव के बाद से यह सीट शिवसेना के लिए अहम बन गई, और अब यह देखना होगा कि क्या शिवसेना अपने पुराने विजयी क्रम को जारी रख पाती है। इस बार भी भांडुप पश्चिम में दो प्रमुख उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होने की संभावना है, जिनमें एक हैं शिवसेना (ठाकरे) गुट के रमेश कोरगावकर और दूसरे हैं शिवसेना (शिंदे) गुट के अशोक पाटिल। दोनों उम्मीदवारों के बीच टक्कर होगी, और इस बार की जीत निश्चित रूप से शिवसेना के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी।


### चुनौतीपूर्ण माहौल और मतदाता समीकरण

भांडुप पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 2,98,510 मतदाता हैं, जिनमें 70% मराठी भाषी लोग हैं। इसके अलावा, इस क्षेत्र में उत्तर भारतीय, दाक्षिणात्य, मुस्लिम, गुजराती और सिख समुदायों का भी अच्छा खासा जनसंख्या अनुपात है, जिससे यहां का मतदाता समीकरण थोड़ा जटिल हो सकता है। साथ ही, इस बार महायुति (भा.ज.पा., शिवसेना शिंदे गुट और राष्ट्रवादी कांग्रेस) के गठबंधन से शिवसेना को नई चुनौतियां मिल सकती हैं। कुल मिलाकर, भांडुप पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में इस बार चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प होने की उम्मीद है, और यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शिवसेना अपनी हैट्रिक पूरी कर पाती है या नहीं।

# बारामती से तय होगा 'सुपर साहेब कौन'

## बारामती में अपने करियर का सबसे मुश्किल चुनाव लड़ रहे हैं अजित पवार

एनसीपी प्रमुख और उपमुख्यमंत्री अजित पवार इस बार अपने गढ़ बारामती में अपने सियासी करियर का सबसे मुश्किल चुनाव लड़ रहे हैं। वह यहां से 1991 से ही लगातार सात बार चुनाव जीत चुके हैं। लेकिन, अबकी बार उनके खिलाफ उनके भतीजे यूगेंद्र पवार खड़े हैं, जिन्हें एनसीपी-एससी से उनके चाचा शरद पवार ने उतारा है। वैसे तो अजित पवार आठवीं बार भी अपनी आसान जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हालात बहुत ही चुनौतीपूर्ण दिख रहे हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने दावा किया है कि 'इस बार (बारामती) में मेरी जीत का मार्जिन एक लाख से ज्यादा वोटों का रहेगा।' इससे लग रहा है कि वह खुद भी मान रहे हैं कि उनके लिए 2019 के मुकाबले चुनाव इस बार काफी कठिन है। क्योंकि,तब उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी को करीब 1.69 वोटों से हराया था।



### 59 गांवों का दौरा कर रहे हैं अजित

सामने से अजित पवार के खिलाफ भले ही उनके भतीजे यूगेंद्र चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उनके पीछे 'साहेब' या शरद पवार की ही बैकिंग है। ऐसी स्थिति में अजित पवार के लिए बारामती पर कब्जा बरकरार रखना बहुत ही बड़ा संघर्ष है। यही वजह है ग्रामीण क्षेत्र के वोटरों को समझाने-बुझाने के लिए अजित पवार ने 59 गांवों की यात्रा भी शुरू की है। वह मतदाताओं से यह भी कहते सुने जा रहे हैं, 'लोकसभा चुनावों के दौरान कुछ लोगों ने तय किया था कि वह ताई (सुप्रिया सुले) के लिए वोट करेंगे और विधानसभा में दादा (अजित पवार) को वोट देंगे। अब फैसला आपको करना है।'

### लाडकी बहिन योजना से बच सकती है अजित पवार की लाज!

अजित पवार की आखिरी उम्मीद अपनी सीट की उन करीब 1.87 महिला लाभार्थियों पर टिकी है, जिन्हें लाडकी बहिन योजना का लाभ मिला है और इनमें से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों से हैं।



विश्लेषण
अमित बृज

### बारामती के परिणाम से तय होगा अजित पवार का सियासी भविष्य

लोकसभा चुनावों में बारामती से अजित पवार की पत्नी सुनेत्र पवार अपनी ननद सुप्रिया सुले से चुनाव हार चुकी हैं। लेकिन, अगर अजित पवार बारामती से खुद भी हार गए तो यहां से उनके करियर के आगे के भविष्य पर बट्टा लगना लगभग तय है। बारामती को अजित पवार अपना गढ़ बना चुके हैं तो उसमें उनके चाचा शरद पवार की ओर से तैयार किए गए राजनीतिक आधार की बहुत बड़ी भूमिका है।

### लोकसभा चुनाव में बारामती में हार चुकी हैं अजित पवार की पत्नी

इस बार अजित पवार के लिए चुनावी राह आसान नहीं दिख रही है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में उनकी बहन सुप्रिया सुले ने अन्य विधानसभा क्षेत्रों के अलावा अजित पवार की विधानसभा सीट में भी सुनेत्र पवार पर बढ़त हासिल की थी। यही वजह है कि शुरू में अजित पवार के खुद यहां से चुनाव लड़ने को लेकर हिचकिचाहट भी दिखी।

### यूगेंद्र पवार के पीछे है शरद पवार का चेहरा

वहीं बुजुर्ग शरद पवार बारामती सीट को कितनी अहमियत दे रहे हैं, इसका अंदाजा इसी से लगता है कि यूगेंद्र पवार के नामांकन में वे खुद भी शामिल हुए। जबकि, अपनी बेटी सुप्रिया सुले के लिए भी उन्होंने ऐसा नहीं किया था। अजित पवार भले ही एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन उन्हें भी अंदाजा लग गया है कि भतीजे के खिलाफ चुनावी लड़ाई इतनी आसान नहीं होने वाली।

### बारामती में अजित पवार ने अपना भी तैयार किया है जनाधार

इसलिए उन्होंने एक चुनावी रणनीतिकार की मदद ली है और अपने प्रचार के तरीके में काफी बदलाव किया है। वह लोगों के बीच काफी मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे हैं और उनके पहनावे में भी बदलाव महसूस किया जा रहा है। वैसे इस बात में दो राय नहीं कि यह विधानसभा चुनाव है और बारामती में अजित पवार ने अपने खुद का भी बहुत बड़ा जनाधार तैयार किया है।

### बारामती शहर में अजित का दबदबा, ग्रामीण क्षेत्र में 'साहेब' का जलवा

लेकिन, बारामती में अजित पवार की लोकप्रियता शहरी इलाकों में ही ज्यादा नजर आती है, ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी उनके चाचा शरद पवार या समर्थकों के लिए 'साहेब' की ही ज्यादा नजर आती है। मसलन, टीओआई से बारामती शहर में रेस्टोरेंट चलाने वाले अभिषेक साटव ने कहा, 'मेरा वोट दादा (अजित पवार) को जाएगा। उन्होंने बारामती के लिए बहुत किया है। यहां जो भी विकास आप देख सकते हैं, वह उन्हीं का किया हुआ है।' यूं समझ सकते हैं बारामती शहर में यह एक तरह से आम भावना दिखाई दे रही है। जैसे मजदूरी का काम करने वाली गिरिजा जाधव कहती हैं, 'बारामती के लिए उन्होंने (अजित) बहुत किया है। उनकी ओर से दी गई लाडकी बहिन योजना से भी हमें मदद मिली है।' छोटे पवार का किया काम बारामती सिटी में हर जगह देखा जा सकता है। लेकिन, ग्रामीण इलाके उस तरह के शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर से आज भी पूरी तरह अछूते हैं।

### ग्रामीण बारामती में शरद पवार की लोकप्रियता अब भी कायम

यही वजह है कि ग्रामीण इलाकों के मतदाताओं के दिलों में आज भी शरद पवार का जलवा है। वह खेतों में पानी पहुंचाने, कृषि-आधारित कंपनियां लाने, डेयरी उद्योग आदि के लिए आज भी 'साहेब' के योगदान को सराहते हैं। यूगेंद्र पवार की मां शर्मिला पवार से लेकर पवार खानदान का अनेको क्षेत्रों में कारोबार फैला है। चीनी उद्योग में तो इस परिवार का पूरी तरह से बोलबाला रहा है।

### शहरी क्षेत्र से ग्रामीण इलाकों में करीब तीन गुना ज्यादा वोट

अब अजित पवार की दिक्कत ये है कि जिन शहरी वोटरों के बीच वह ज्यादा लोकप्रिय दिख रहे हैं, उनका वोट सिर्फ 90,000 से एक लाख के बीच है। जबकि, बाकी 2.8 लाख मतदाता ग्रामीण इलाकों से ही हैं। सुप्रिया सुले को इन्होंने दिल खोलकर समर्थन किया था और बेटी के मुकाबले बहू से पूरी तरह से मुंह फेर लिया था।